
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



पेड्डी' विवाद: बुची बाबू सना ने मांगी माफी

भाषाएं करती हैं मुझे आकर्षित

वर्ष : 12 | अंक : 164 | लखनऊ, 08 जून, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



## खबर संक्षेप

### पुणे में नाबालिगों सहित 156 को हिरासत में



पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक पार्टी में छापामारी कर नाबालिगों सहित 156 लोगों को हिरासत में लिया, साथ ही 85 लाख रुपए का गांजा और गैर-कानूनी हुक्का फ्लेवर भी जब्त किया। पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रविवार तड़के लोनीकंद पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले तुलापुर इलाके में कथित अनधिकृत पार्टी पर छापामारी की।

### दार्जिलिंग में नदी में गिरी कार, 4 लोगों की मौत



दार्जिलिंग। सिक्किम और बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर हुआ एक दर्दनाक हादसा 7 जून को भारी मातम में बदल गया। गंगटोक से सिलीगुड़ी जा रहे एक ही परिवार के 4 सदस्यों के शव तीस्ता नदी में डूबी एक टाटा नेक्सॉन कार से बरामद कर लिए गए हैं। मृतकों की पहचान स्मारिका न्यौपाने , सैब्या न्यौपाने, जीका दहल और मासूम दित्या के रूप में हुई है।

### 3 विमानों से भिड़े ग्राउंड सपोर्ट उपकरण



नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को 3 विमानों के क्षतिग्रस्त होने से हड़कंप मच गया। हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर खड़े एयर इंडिया के तीन विमानों को ग्राउंट सपोर्ट उपकरणों ने टक्कर मार दी। यह घटना तेज हवा और बारिश के चलते हुई। यह जानकारी हवाईअड्डे के संचालक ने दी। तीनों को परिचालन से बाहर कर दिया गया है।

### केंद्र में चड्ढा समेत 2 मंत्री और शामिल होंगे!



नई दिल्ली। मोदी कैबिनेट का विस्तार इस महीने के आखिरी में या फिर अगले महीने हो सकता है। तीसरे कार्यकाल का यह पहला मंत्रिमंडल विस्तार होने जा रहा है। चर्चाएं हैं कि पंजाब से 2 बड़े नेताओं को जगह मिल सकती है। इनमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और दूसरे अभी हाल ही में आम आदमी पार्टी से आए लोकप्रिय राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा।

### सूरत में ज्वेलरी फैक्टरी में हादसा, 4 की मौत



सूरत। यहां रविवार को दर्दनाक हादसे में 4 मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना अश्विनी कुमार इलाके में स्थित एक ज्वेलरी निर्माण इकाई में हुई, जहां मजदूर सेप्टिक टैंक की सफाई का काम कर रहे थे। जिस टैंक की सफाई की जा रही थी, उसमें आभूषणों की सफाई प्रक्रिया से निकलने वाला कचरा और रासायनिक अवशेष जमा होते हैं।

## महंगे सिलेंडर पर विपक्ष के सवाल पर सरकार ने दिया जवाब


# वैश्विक संकट से बढ़ी परेशानी, देश में आज भी गैस की कीमत दुनियाभर में सबसे कम

### पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट से आई दिक्कत

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत एक बार फिर बढ़ने के बाद सियासत तेज हो गई है। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत में 29 रुपए की बढ़ोतरी की है, जिसके बाद दिल्ली में 14.2 किलो वाला घरेलू सिलेंडर 942 रुपए का हो गया है। इस बढ़ोतरी के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर जनता पर महंगाई का बोझ डालने का आरोप लगाया है। वहीं केंद्र सरकार का कहना है कि भारत में आज भी गैस सिलेंडर दुनिया के कई देशों के मुकाबले काफी सस्ता मिल रहा है और सरकार आम लोगों को बड़ी राहत दे रही है पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि श्चिम एशिया में बढ़े तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमत तेजी से बढ़ी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर सीधे घरेलू बाजार पर पड़ता है।

#### सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस बढ़ गई



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली

सरकार ने बताया कि फरवरी 2026 में सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस करीब 543 डॉलर प्रति टन थी, लेकिन पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज मार्ग पर असर पड़ने के बाद यह बढ़कर जून में करीब 790 डॉलर प्रति टन पहुंच गई। यानी चार महीनों में करीब 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसी वजह से गैस कंपनियों की लागत बढ़ी और सिलिंडर महंगा करना पड़ा।

#### सरकार ने इस संबंध में आंकड़े भी जारी किए

भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या वाकई भारत में गैस दूसरे देशों के मुकाबले सस्ती है। सरकार ने अलग-अलग देशों के आंकड़े जारी कर दावा किया है कि भारतीय उपभोक्ता अभी भी दुनिया के कई देशों से कम कीमत पर रसोई गैस खरीद रहे हैं। भारत में सामान्य उपभोक्ता को 14.2 किलो का घरेलू सिलेंडर 942 रुपए में मिल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपए की सब्सिडी मिलने के बाद यही 642 रुपए का पड़ता है।

#### रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ: अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी सरकार पर हमला करते हुए शायरी भरे अंदाज में कहा कि रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ, भाजपा से अब तो, हर आस गई टूट।

#### क्यों बढ़ रहे बार-बार एलपीजी के दाम: तिवारी



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने दाम बढ़ने पर कहा , तेल विपणन कंपनियों द्वारा पर्याप्त मुनाफा कमाने के बावजूद एलपीजी की कीमतों में बार-बार बढ़ोतरी की जा रही है।

#### राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी: शरद



शरद पवार ने केंद्र की आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि कीमतों का बोझ आम लोगों पर पड़ रहा है। सरकार को राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी।

#### दाम खतरनाक दर से बढ़ रहे: डीके




कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि गैस की कीमत बढ़ना खतरनाक है।

#### खरगे ने सरकार से पूछे 3 सवाल

### अब भाजपा नेता सड़कों पर सिलेंडर लेकर क्यों नहीं बैठ रहे?

इस मुद्दे को लेकर अब विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर दाम बढ़ने को लेकर सरकार से सवाल किए। उन्होंने एक्स पर लिखा, घरेलू गैल दामों में आग की लपटें आम जनता की रसोई को भस्म करने पर तुली हुई है। 4 महीनों में घरेलू सिलेंडर के दामों में 89 रुपए की बढ़ोतरी की है।



**खरगे के सवाल**

1 सवाल, संसद में मोदी जी ने लंबी-चौड़े दावे किए थे कि वे पश्चिम एशिया युद्ध के चलते 41 देशों से ईंधन विविधीकरण कर रहे हैं। उसका क्या हुआ?

2 सवाल- 2025-26 में उज्ज्वला योजना में 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक या एक भी रिफिल नहीं करवाया। इनमें से 3.30 करोड़ ने तो एक भी सिलेंडर रिफिल नहीं लिया।

3 सवाल- मोदी जी और भाजपा नेता यूपीए के दौरान महंगाई का शोर मचाते थे। अब भाजपा के नेता सड़कों पर सिलेंडर लेकर क्यों नहीं बैठ रहे हैं? क्या हुआ?

## 'इंडी' में बैठक से पहले बढ़ा तनाव

# सीपीआईएम की कांग्रेस से तकरार और डीएमके ने किया बहिष्कार

### इंडिया गठबंधन की बैठक आज



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की 8 जून को होने वाली बैठक से पहले सहयोगी दलों के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। सीपीआईएम ने केरल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई है, वहीं डीएमके ने बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है। सीपीआईएम महासचिव एम ए बेबी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होगी और राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास बैठक में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। हालांकि उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि केरल चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने लगातार यह प्रचार किया कि सीपीआईएम और भाजपा के बीच कोई समझौता है।

#### डीएमके नहीं होगी शामिल

तमिलनाडु की प्रमुख पार्टी डीएमके ने भी बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। पार्टी कांग्रेस से नाराज है क्योंकि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने टीवीके को समर्थन दिया। डीएमके ने इसे विश्वासघात बताते हुए कहा कि उसके कार्यकर्ता अभी भी इस फैसले से आहत हैं। इस बीच बंगाल में भी राजनीतिक हलचल तेज है। टीएमसी के भीतर कथित असंतोष और बगावत की खबरों के बीच सांसद अभिषेक बेनर्जी के बैठक में शामिल होने की चर्चा है। भाजपा नेता दिलीप घोष ने तंज कसते हुए कहा कि जब उनकी अपनी पार्टी उनके साथ नहीं है तो दूसरे कौन साथ देंगे।

#### टीएमसी में बड़ी टूट, दिल्ली आ रहीं ममता



तृणमूल कांग्रेस के अंदर बढ़ती नाराजगी के बीच पार्टी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी नेता के तौर पर वापसी करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की कोशिश कर रही हैं। अपनी कोशिशों के तहत ममता बेनर्जी सोमवार को दिल्ली में होने वाली विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने वाली हैं।

# लोकतंत्र की जीवनरेखा है पत्रकारिता- केशव प्रसाद मौर्य

## लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मीडिया की भूमिका निर्णायक

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ / आगरा ।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आगरा में आयोजित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे),के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की प्राणवायु है और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारपूर्ण है। लोकतंत्र तभी सशक्त और जीवंत रह सकता है जब उसके सभी स्तंभ अपनी-अपनी भूमिका का निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ निर्वहन करें।कार्यक्रम का शुभारम्भ उप मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया।उप मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में उपस्थित देश के विभिन्न राज्यों से आए पत्रकारों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि पत्रकार दिन-रात समाज को जागरूक करने, जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।श्री मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की कलम में अपार शक्ति होती है।यदि सरकार जनहित के कार्यों में कहीं कमी छोड़ती है तो पत्रकार उसे सामने लाने का अधिकार रखते हैं और यदि कोई अच्छा कार्य होता है तो उसे जनता तक पहुंचाने में भी मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वन नेशन-वन इलेक्शन की अवधारणा संसाधनों की बचत और विकास की गति को और तेज करने में सहायक होगी।देश की युवा पीढ़ी और आम नागरिक भी इस विचार का व्यापक समर्थन कर रहे हैं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर रहा है। ऊर्जा संकट, वैश्विक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के बावजूद भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा उत्पादन, ऊर्जा सुरक्षा और तकनीकी विकास के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व के अनेक देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किए गए हैं।यह सम्मान केवल प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। श्री मौर्य ने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति के नए अवसर प्रदान किए हैं, लेकिन इसके साथ-साथ जिम्मेदारी भी बढ़ी है। पत्रकारिता को तथ्यों, निष्पक्षता और राष्ट्रहित के मूल्यों के साथ आगे बढ़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों की समर्थक है तथा पत्रकारों से जुड़े विषयों और समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इन्जन सरकार सुशासन, विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।उन्होंने पत्रकारों से लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी रचनात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह,राष्ट्रीय संगठन मंत्री व कार्यक्रम संयोजक प्रमोद गोस्वामी,प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे प्रदेश महामंत्री द्विजेंद्र शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी,संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी , विधान परिषद के सदस्य विजय शिवहरे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पोनिया , भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्?ता, एनयूजेआई परिवार के सदस्यगण,जनप्रतिनिधिगण, शिक्षाविद् अन्य प्रतिष्ठितजन एवं बड़ी संख्या में पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## खुशखबर... देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तेज रफ्तार पकड़ी

# 72 घंटों में 11 राज्यों तक पहुंचा, भारी बारिश का अलर्ट

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। 4 जून को केरल के तट से टकराने के 72 घंटे के भीतर मानसून 11 राज्यों तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले 7 दिन केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर-पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी दी है। दक्षिण- पश्चिम मानसून ने रविवार को उत्तरपूर्वी भारत में पूरे गालैंड, मणिपुर और मिजोरम को कवर कर लिया। असम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर बारिश शुरू है। भारत मौसम विभाग के अनुसार केरल में रेड अलर्ट है।

### असम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में झमाझम शुरू



चिक्कमगलुरु। कर्नाटक के चिक्कमगलुरु में लोग बारिश के बीच खुद को ढंकते हुए।

#### देशभर में सिस्टम एक्टिव, तेज हवाओं और बारिश का खतरा बढ़ रहा

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कई चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं। यही वजह है कि मौसम का मिजाज बेहद अस्थिर हो गया है। कहीं तेज धूप के बाद अचानक बारिश हो रही है तो कहीं आंधी-तूफान ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 2-3 दिन के बाद यह छत्तीसगढ़, ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम तक पहुंच सकता है।

#### केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु में भारी बारिश होगी

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि मानसून की वजह से अगले 7 दिनों के दौरान केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तरपूर्वी भारत में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा (7-20 सेमी) होने की प्रबल संभावना है।8 से 10 जून के बीच कर्नाटक में अलग-अलग जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की भी संभावना है।

#### अगले 24 घंटे भारी और चेतावनी जारी

पिछले कई दिनों से उत्तर भारत राज्यों में मौसम का मिजाज बदला-बदला है। दिन में तेज धूप और शाम होते ही आंधी, तूफान और बारिश देखने को मिलती है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में देश के 11 राज्यों में तेज हवाओं, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट जारी किया है। अन्य राज्यों में आने वाले कुछ दिनों तक लू का खतरा बना रहेगा। कोंकण से धीरे-धीरे देश के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ रहा है।

## बंगाल में भ्रष्टाचार पर फूटा गुस्सा

# आरोपी टीएमसी नेता को जूतों की माला पहनाकर घुमाया गया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



100 दिन की रोजगार योजना (मनरेगा) के धन के गबन और भ्रष्टाचार के आरोपों में बंगाल में एक टीएमसी को ग्रामीणों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। गुस्साए ग्रामीणों ने न केवल उन्हें घेर लिया, बल्कि कथित तौर पर उनकी कमर में रस्सी बांधकर, सिर मुंडवाकर और गले में जूतों की माला पहनाकर पूरे इलाके में घुमाया। इस घटना से श्यामपुर क्षेत्र में भारी तनाव और सनसनी है। उस तृणमूल नेता का नाम सन्न्यासी मान्ना बताया जा रहा है।

#### टीएमसी के अनुब्रत समेत 13 पर एफआईआर

बंगाल के बीरभूम जिले में तृणमूल कांग्रेस के बाहुबली नेता और पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुब्रत मंडल और उनके करीबी माने जाने वाले मामुन शेख समेत 13 लोगों के खिलाफ चुनाव बाद हिंसा, तोड़फोड़ और करीब 30 लाख रुपये की ईंट लूटने के आरोप में एफआइआर दर्ज की गई है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

अमान लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में तीन युवक घायल हो गए।इस मामले में बंथरा के गढ़ी चुनौटी निवासी मोहित गौतम ने गांव के ही विजय कुमार, उमेश, जगतपाल, बबलू, संजय और राजवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहित गौतम के मुताबिक वह, कुलदीप और लवकुश शनिवार को अपने घर पर खाना खाने के बाद आराम कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान विजय कुमार, उमेश, जगतपाल, बबलू, संजय और राजवीर अचानक चाकू व डंडे लेकर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना में तीनों युवकों को चोटें आई हैं।बाद में पीड़ित पक्ष ने बंथरा थाने में तहरीर दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अज्ञात बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल हुए बुजुर्ग मजदूर की रविवार को इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सरोजनी नगर के अवध विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद नफीस (60) अपनी पत्नी मेहताब बानो के अलावा दो बेटे रईस, सफीक और विवाहित बेटी शालू के साथ ही अविवाहित बेटी शीलू, नीलू व गुलनाल के साथ रहकर मजदूरी करता था।बीती 29 मई को दोपहर करीब 11 बजे मोहम्मद नफीस पैदल ही कुछ दूर स्थित चिल्लावां में अपने रिश्तेदार के घर पैदल ही बकरीद मिलने जा रहा था।तभी कानपुर रोड पर बाग नंबर - 3 के पासअज्ञात बाइक सवार ने उसे जोरदार ठोकर मार दी।जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घायलावस्था में परिजनों ने उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।जहां से इलाज के बाद उसे घर ले आए।लेकिन घर में तबीयत बिगड़ने पर बाद में उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

# आबादी की जमीन और निर्माण विवाद में बवाल

## रामलीला मैदान के पास निर्माण कार्य को लेकर शुरू हुआ विवाद

### पूर्व प्रधान पक्ष समेत कई पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी गांव में रविवार सुबह आबादी की जमीन और निर्माण कार्य को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया।दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने से कई लोग घायल हो गए पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छह लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी।

### ग्राम सभा की भूमि पर कब्जे का आरोप

जानकारी के अनुसार सिसेंडी बाजार स्थित रामलीला मैदान के निकट दुकान निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से नींव की खुदाई कराई जा रही थी इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने निर्माणाधीन भूमि को ग्राम सभा की आबादी भूमि एवं रामलीला मैदान का हिस्सा बताते हुए विरोध शुरू कर दिया विरोध कर रहे लोगों का आरोप है कि पूर्व प्रधान राजेश कुमार जायसवाल उनके पुत्र अमन जायसवाल शोभित जायसवाल ग्राम प्रधान के पति राकेश जायसवाल तथा अन्य लोगों ने उन पर हमला कर दिया मारपीट में सुमित गुप्ता हर्षित गुप्ता पवन गुप्ता और छोटू गुप्ता घायल हो गए।

### पूर्व प्रधान ने आरोपों को बताया निराधार

वहीं पूर्व प्रधान राजेश कुमार जायसवाल ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि निर्माण कार्य उनकी निजी भूमि पर कराया जा रहा था उनके अनुसार विरोधी पक्ष के लोग मौके पर पहुंचकर निर्माण रुकवाने लगे और विवाद बढ़ने पर मारपीट की उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पुत्र अमन जायसवाल के साथ भी मारपीट की गई तथा एक व्यक्ति ने चाकू से हमला करने का प्रयास किया।

### घायलों का उपचार, श्रमिकों ने भी दी तहरीर

घटना में घायल लोगों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हर्षित और सुमित को सिविल अस्पताल रेफर किया गया निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों ने भी मारपीट अभद्रता और जातिसूचक टिप्पणी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई वहीं एक दुकानदार ने वीडियो रिकॉर्डिंग के दौरान धमकी देने का आरोप लगाते हुए सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने की बात कही है।

### सीसीटीवी फुटेज और बयानों के आधार पर जांच

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया मेडिकल रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही फिलहाल दोनों पक्षों के छह लोगों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### भूमि का स्वामित्व बना विवाद की असली वजह

सिसेंडी गांव में हुए इस विवाद की जड़ निर्माणाधीन भूमि का स्वामित्व बताया जा रहा एक पक्ष इसे ग्राम सभा की आबादी भूमि और रामलीला मैदान का हिस्सा बताकर कब्जे का आरोप लगा रहा जबकि दूसरा पक्ष इसे अपनी निजी जमीन बताते हुए वैध निर्माण कार्य होने का दावा कर रहा अब पुलिस जांच और राजस्व अभिलेखों की पड़ताल के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# घर में चल रहा था गांजे का कारोबार, महिला गिरफ्तार

### नगराम पुलिस की कार्रवाई, 785 ग्राम गांजा बरामद

अमन लेखनी समाचार




नगराम। नगराम पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 785 ग्राम गांजा बरामद किया पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

### मुखबिर की सूचना पर दी गई दबिश

पुलिस के अनुसार शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम करोरा में एक महिला अपने घर से चोरी-छिपे गांजे की बिक्री कर रही सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने गांव में दबिश दी और फूलमती गौतम पत्नी अनिल गौतम को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### गांजे के पुड़िया और दो बड़े पैकेट मिले

तलाशी के दौरान महिला के पास से गांजे की 161 छोटी पुड़िया तथा दो बड़े पैकेट बरामद हुए सहायक पुलिस आयुक्त की मौजूदगी में बरामद सामग्री को एकत्र कर इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौला गया जिसमें कुल 785 ग्राम गांजा पाया गया इसके बाद पुलिस ने बरामद गांजे को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की।

### घर खर्च के लिए बेच रही थी गांजा

पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका पति नशे का आदी परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई का खर्च चलाने के लिए वह गांजा बेचने का काम कर रही थी हालांकि पुलिस ने उसके इस दावे की जांच शुरू कर दी है।

### थाने पर पहले भी दर्ज हैं मुकदमे

थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी महिला के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# मस्तीपुर में चला स्वच्छता व सौन्दर्यीकरण अभियान



अमन लेखनी समाचार

निगोहा।निगोहा के मस्तीपुर गांव में रविवार को एचडीएफसी बैंक के परिवर्तन कार्यक्रम के तहत मस्तीपुर ग्राम पंचायत में स्वच्छता एवं सौन्दर्यीकरण अभियान चलाया गया इस दौरान खुले में कूड़ा डाले जाने वाले सबसे प्रदूषित स्थल की व्यापक सफाई कर उसे आकर्षक स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड मनोज राय साहस संस्था की प्रतिनिधि अमर प्रीत कौर तथा ग्राम प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। अभियान के दौरान लोगों को खुले में कूड़ा न फेंकने और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरे का उचित निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया ग्राम प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी ने कहा कि ग्राम पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे। वहीं ग्रामीणों ने भी स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# बीमा कंपनी में लाखों रुपये की हेराफेरी करने वाला फरार, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने बीमा कंपनी में लाखों रुपये की वित्तीय हेराफेरी करने के आरोप में करीब 1 साल से फरार चल रहे एक वांछित को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को उसे जेल भेज दिया है।पुलिस के मुताबिक मेसर्स स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता गोमती नगर स्थित विभूति खंड स्थित कार्यालय के संदीप सिंह ने 11 मई 2025 को सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कंपनी की लखनऊ शाखा में एसोसिएट पद पर कार्यरत पीजीआई के तेलीबाग निवासी शुभांशु सिंह ने बैंक ऑफ इंडिया की बंथरा और गौरी बाजार शाखाओं से संबंधित विभिन्न बीमा पॉलिसियों की गलत बिक्री कर वित्तीय अनियमितताएं की हैं।कंपनी को तीन ग्राहकों की ओर से कुल 8.05 लाख रुपये के गबन और हेराफेरी की शिकायतें प्राप्त हुई थीं।तब कंपनी की आंतरिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर शुभांशु सिंह को सेवा से निष्कासित कर दिया गया।पुलिस का कहना है कि संदीप सिंह की तहरीर पर सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी, लेकिन जाँच के दौरान आरोपी लगातार फरार चल रहा था।पुलिस ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगातार जुटी थी।इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुधांशु सिंह को शनिवार देर रात उन्नाव जिले के गदनखेड़ा बाईपास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बीमा कंपनी में कार्यरत रहते हुए गलत तरीके से पॉलिसियां बेचकर 8.05 लाख रुपये की हेराफेरी किए जाने की बात कबूली। फिलहाल पुलिस ने आरोपी शुभांशु सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है और उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

# भाजपा की मासिक मंडल बैठक में संगठन मजबूती पर जोर



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी की सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मासिक मंडल बैठक रविवार को नगर पंचायत बंथरा स्थित विक्रम अस्पताल सभागार में मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और बूथ सशक्तिकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा लाभार्थियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने पर बल दिया गया। बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर भी रणनीति पर चर्चा हुई।इस अवसर पर मंडल प्रभारी रामलाल वर्मा (पूर्व जिला महामंत्री भाजपा), शिव भक्त चौहान (पूर्व मंडल अध्यक्ष खुशहालगंज एवं प्रवासी सरोजनीनगर), वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सिंह चौहान, सुरेश सिंह, मुकेश शर्मा, प्रेम सिंह चौहान, मुनेश्वर प्रसाद, संदीप रावत, विधायक प्रतिनिधि कृपा शंकर शुक्ला और पवन मिश्रा सहित मंडल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के संकल्प के साथ हुआ।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की डालीगंज नगर इकाई का पुनर्गठन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लखनऊ उत्तर द्वारा रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में डालीगंज नगर इकाई के पुनर्गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखनऊ महानगर अध्यक्ष डॉ. अशोक मोरल, विभाग संगठन मंत्री पुष्पेन्द्र बाजपेयी, संगठन मंत्री अभिषेक बाजपेयी, जिला संयोजक अभिषेक सिंह तथा लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई मंत्री आर्यन कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के विस्तार, छात्र हितों एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा के बाद नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। पुनर्गठन के अंतर्गत डॉ. भारती राय को डालीगंज नगर इकाई अध्यक्ष, डॉ. राहुल पाण्डेय, डॉ. हरि एवं डॉ. अंजलि को उपाध्यक्ष, विनायक सिंह को नगर इकाई मंत्री तथा आयुष तिवारी, अंश बिश्नोई एवं अंशिका को सह मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया। स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) आयाम में हिमांशु रावत को संयोजक तथा सत्या पटेल एवं सलोनी चौरसिया को सह संयोजक नियुक्त किया गया।राष्ट्रीय कला मंच में मानसी पाण्डेय को संयोजक तथा आयुष वर्मा एवं अंश पाठक को सह संयोजक बनाया गया।खेलो भारत आयाम में मयंक यादव को संयोजक एवं रिया पाण्डेय को सह संयोजक तथा प्रतियोगी परीक्षा आयाम में श्रद्धा राज को संयोजक एवं मनमीत सिंह को सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया। साथ ही नमन गुप्ता, आयुषी विमल एवं अंचल वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व प्रदान किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त नगर इकाई अध्यक्ष डॉ. भारती राय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदान किए गए दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ किया जाएगा।

# शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई,

### अधिकारियों की लापरवाही से बारिश में बड़ी समस्या का खतरा

अमन लेखनी समाचार




निगोहां। जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा समय रहते कार्रवाई न किए जाने से अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार तिवारी ने लोक निर्माण विभाग से निगोहां से मीरखनगर मार्ग पर लगभग 100 मीटर क्षेत्र में हुए अतिक्रमण और नाली अवरुद्ध होने की शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन कई दिनों बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एक भवन संचालक द्वारा निर्माण कार्य का मलबा सीमेंट से भरी बोरियां और अन्य कचरा नाली में डाल दिया गया इतना ही नहीं फुटपाथ पर लगी इंटरलॉकिंग सड़क को भी मिट्टी और मलबे से पाट दिया गया जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और नाली पूरी तरह जाम हो चुकी है। शिकायतकर्ता ने 24 मई को अनुस्मारक (रिमाइंडर) भेजते हुए चेतावनी दी थी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी बरसात में जलभराव और अन्य गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत अभी भी लंबित दर्शाई जा रही जबकि मामला सीधे तौर पर आम जनता की सुविधा और सड़क सुरक्षा से जुड़ा हुआ स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण अतिक्रमणकताओं के हौसले बुलंद और आम नागरिकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। सबसे बड़ा सवाल यह कि जब शिकायत दर्ज होने के बाद भी विभागीय अधिकारी मौके पर निरीक्षण और कार्रवाई करने में विफल रहे तो जनसुनवाई व्यवस्था का औचित्य क्या रह जाता बरसात सिर पर और नालियां जाम ऐसे में यदि जलभराव या कोई दुर्घटना होती तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर तत्काल कार्रवाई करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

# नशे में धुत युवक ने अपनी 13 वर्षीय सगी भांजी को बनाया हवस का शिकार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह नशे में धुत युवक ने अपनी 13 वर्षीय सगी भांजी को अपनी हवस का शिकार बना डाला। आरोपी की पत्नी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह बेहोश हो गई। गंभीर हालत में उसे लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।वहीं घटना के बाद पीड़ित किशोरी से सूचना पाकर पहुंची उसकी मां ने पुलिस को मामले से अवगत कराया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ कर रही है।साथ ही किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।बंथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले मजदूर की 13 वर्षीय बेटी कक्षा 7 की छात्रा है।वह 3 दिन पहले अपने गांव से कुछ दूर बंथरा थाना क्षेत्र स्थित मामा के घर गई और वहीं रुक गयी थी।रविवार सुबह करीब 10 बजे किशोरी और उसकी मामी घर पर थी। तभी किशोरी का 30 वर्षीय मामा शराब के नशे में घर पहुंचा और उसकी भांजी पर नियत खराब हो गई।नशे में धुत दरिंदा अपनी भांजी को जबरन कमरे में खींच ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना अंजाम देने लगा। किशोरी ने शोर मचाया तो उसकी चीख पुकार सुनकर आरोपी की पत्नी कमरे में पहुंची तो वहां का दृश्य देखकर वह दंग रह गई। उसने किशोरी को अपने पति से बचने की कोशिश की।जिस पर आरोपी ने पत्नी की वहीं पर पिटाई शुरू कर दी।दरिंदे ने पत्नी को इतना पीटा कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई।बाद में मौका पाकर दरिंदा घर से भाग निकला।इसके बाद पीड़ित किशोरी ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी।सूचना के बाद पहुंची उसकी मां ने पुलिस को मामले से अवगत कराया।घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी की पत्नी बेहोशी की हालत में घर में पड़ी मिली।इसके बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। जहाँ उसका इलाज जारी है।वहीं पुलिस ने पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर थाना क्षेत्र से ही आरोपी को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ कर रही है। जबकि पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# हाईवे पर चलती कार बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

अमन लेखनी समाचार



आग बुझने के बाद कार की हालत

लखनऊ। एनएच लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई जब मुजासा फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार से चल रही एक फोर्ड इकोस्पोर्ट कार में अचानक भीषण आग लग गई।


देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई।चालक ने समय रहते ही वाहन से छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हरदोई के रेलवेगंज निवासी अब्दुल वासित अपनी फोर्ड इकोस्पोर्ट कार से लखनऊ से हरदोई जा रहे थे।दोपहर करीब डेढ़ बजे जैसे ही उनकी कार मलिहाबाद के मुजासा फ्लाईओवर पर चढ़ी, इंजन से अचानक तेज लपटें उठने लगीं।

बिना एक पल गंवाए अब्दुल वासित ने गाड़ी रोककर बाहर छलांग लगा दी। उनके निकलते ही आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। राहगीरों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी।मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी।

मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि प्रथम दृष्टया से भीषण गर्मी के कारण इंजन के ओवरहीट होने अथवा शॉर्ट सर्किट की हादसे की वजह माना जा रहा है।गनीमत रही कि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए कार से कूदकर अपनी जान बचाई।

# प्लॉट के नाम पर तीन लाख की ठगी, चेक बाउंस

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र में प्लॉट दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया पीड़ित ने आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने 1200 वर्गफुट का प्लॉट दिलाने का झांसा देकर उससे लाखों रुपये ऐंठ लिए न तो प्लॉट दिया गया और न ही रकम वापस की गई रकम मांगने पर आरोपी द्वारा दिया गया चेक भी बाउंस हो गया वहीं विरोध करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है मामले में पीड़ित ने मोहनलालगंज कोतवाली में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार बुद्धेश्वर स्थित जनता विहार कॉलोनी निवासी अजय जोशी पुत्र अशोक जोशी की करीब एक वर्ष पहले मोहनलालगंज के शांति नगर कॉलोनी निवासी भीमसेन त्रिपाठी से मुलाकात हुई थी। अजय जोशी का आरोप है कि भीमसेन त्रिपाठी ने उन्हें मोहनलालगंज क्षेत्र में 1200 वर्गफुट का प्लॉट दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपी की बातों पर विश्वास कर उन्होंने तीन लाख रुपये नकद दे दिए। पीड़ित के अनुसार एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें कोई प्लॉट नहीं मिला। जब उन्होंने प्लॉट की जानकारी या अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। कई बार दबाव बनाने पर आरोपी ने दो लाख साठ हजार रुपये का चेक दिया, लेकिन बैंक में प्रस्तुत करने पर चेक बाउंस हो गया। अजय जोशी का कहना है कि चेक बाउंस होने की जानकारी देने और अपनी धनराशि वापस मांगने पर आरोपी ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा जान से मारने की धमकी दी।इसके बाद से उनका परिवार भय और मानसिक तनाव के माहौल में रह रहा है। पीड़ित ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि वह नींबू पानी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। प्लॉट खरीदने के लिए उन्होंने वर्षों की मेहनत और बचत से जुटाई गई रकम आरोपी को दी थी। अब धनराशि फंस जाने से परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। साथ ही लगातार मिल रही धमकियों से परिवार के सदस्यों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा उसकी फंसी हुई धनराशि वापस दिलाने की मांग की इस संबंध में इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है।मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## इंडिया गठबंधन की बैठक में आज लोकदल अध्यक्ष होंगे शामिल

लखनऊ/नई दिल्ली। नई दिल्ली में 8 जून 2026 को आयोजित होने जा रही इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक में लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह को आमंत्रित किया गया है।लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करने और किसानों, युवाओं तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में लोकदल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।बैठक में देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं, युवाओं के भविष्य तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। लोकदल इन सभी विषयों पर अपनी स्पष्ट और मजबूत राय रखेगा।

## संक्षेप

### ईको वैन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत बाइक सवार दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसा हुआ। चमियानी-महरामऊ मार्ग पर ईको वैन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान हरीखेड़ा निवासी शैलेश और हिम्मतखेड़ा निवासी अनुज के रूप में हुई है। दोनों युवक मोटरसाइकिल से पुरवा से चमियानी की ओर जा रहे थे। चमियानी-महरामऊ मार्ग पर पहुंचते ही सामने से आ रही एक ईको वैन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर अमित त्रिवेदी ने घटना की सूचना एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. आदर्श सचान ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि उन्हें सड़क दुर्घटना की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बहू ने सास को पीटा दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रुजिहाई निवासिनी ललिता देवी पत्नी संतराम ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरी पुत्री लक्ष्मी जो अपने मायके मेरे घर आई रात्रि को मेरी बहू कोमल पत्नी विकास आम के छिलके मेरी पुत्री के ऊपर फेंक दिया जब मेरी पुत्री ने पूछा मेरे ऊपर क्यों फेंके इस बात को लेकर वह गाली-गलौज देने लगी इस बात को मैंने मना किया तब मेरे साथ मारपीट किया जिसके कारण मेरे सर में गंभीर चोटे आई उसने धमकी दी कि इस बार तो कम मारा है अगली बार अधिक मारेंगे दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के बेनी खेड़ा निवासी 28 वर्षीय दीपू गौतम शनिवार रात करीब नौ बजे खाना खाकर घर से बाहर गया था। देर रात तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों से उसे खोजना चालू किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला ।रविवार सुबह करीब सात बजे ग्रामीणों ने कोरारी रेलवे स्टेशन से निकट रेलवे ट्रैक पर पिलर संख्या 173 / 11/ 12 के बीच शव पड़ा देखा गया। मृतक की मां शिव देवी ने जिसकी शिनाख्त अपने बेटे दीपू के रूप में की है। सूचना पर पहुंची थाना व जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के एक छोटा भाई व दो विवाहित बहने है । छोटा भाई मुंबई में नौकरी करता है। जिसको फोन से सूचना दी गई है ।मृतक घर में अपनी मां के साथ अकेले रहता था अभी शादी नहीं हुई थी । मृतक के चचेरे भाई पप्पू गौतम ने बताया कि रात को उसके पास चाची का फोन आया था कि दीपू नहीं मिल रहा। रात करीब दस बजे रायबरेली की ओर से आने वाली पैसेंजर ट्रेन से हादसा होना बताया जा रहा है ।

## नाबालिक युवती ने लगाई फांसी, हुई मौत



अमनलेखनी समाचार / शोभित शुक्ला

फतेहपुरेजनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बरुहा में विगत दिवस शनिवार को एक नाबालिक युवती ने फांसी लगा ली मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण स्वर्गीय रामबाबू प्रजापति की 13 वर्षीय बेटी रूपा ने गांव के बाहर एक किसान के खेत में खड़े पेड़ पर दुपट्टे से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई परिजनों द्वारा स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई जहां सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी विनोद पटेल ने पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा परिजनों से जानकारी ली गई जहां पर उन्होंने बताया कि मृतका कई दिनों से बीमार चल रही थी वहीं कुछ लोगों ने मानसिक तनाव तथा पारिवारिक कलह भी मौत का कारण बताया थाना प्रभारी विनोद कुमार पटेल ने बताया कि मामला संदिग्ध है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात जानकारी पूर्ण रूप से स्पष्ट हो पाएगी पूर्ण जानकारी होने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## कोटेदारों की घटतौली से गरीब उपभोक्ता परेशान, नागरिकों में भारी रोष

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों से लेकर नगर के सरकारी राशन वितरण प्रणाली में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आ रहा है। यहाँ कोटेदारों द्वारा खुलेआम घटतौली की जा रही है, जिससे गरीब और असहाय उपभोक्ता बेहद कम राशन लेने पर मजबूर हैं। इस मनमानी के खिलाफ राशन कार्ड धारकों में भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने जिला प्रशासन से संबंधित कोटेदारों के खिलाफ तत्काल और सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीण और नगरीय राशन कार्ड धारकों का आरोप है कि कोटेदार द्वारा प्रति यूनिट मिलने वाले राशन में सीधे तौर पर कटौती की जा रही है। ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद जब राशन तौलने की बारी आती है, तो निर्धारित मात्रा से कम अनाज दिया जाता है। ?प्रति कार्ड धारक को लगभग 2 से 3 किलोग्राम कम राशन दिया जा रहा है। ?यदि कोई उपभोक्ता इस घटतौली का विरोध करता है, तो कोटेदार द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है और अगली बार से राशन न देने की धमकी दी जाती है। ?शिकायत करने पर कार्ड निरस्त कराने का डर भी दिखाया जाता है, जिसके कारण अत्यंत गरीब परिवार चुपचाप कम राशन लेने को विवश हैं। ?कोटेदारों की इस तानाशाही और घटतौली की वजह से ग्रामीण व नगर क्षेत्र के राशन उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सरकार द्वारा गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए मुफ्त या सस्ते राशन की योजना चलाई जा रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर कोटेदार अपनी जेबें भरने के लिए गरीबों के हक पर डाका डाल रहे हैं। ? ग्रामीणों का कहना है कि ?हम गरीब मजदूर लोग हैं। महंगाई के इस दौर में सरकारी राशन ही हमारे परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र सहारा है। लेकिन कोटेदार की इस धांधली के कारण हमारे बच्चों के मुंह का निवाला छीना जा रहा है। अधिकारियों को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ और दोषी कोटेदारों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

## सीवर व नालिया हुई जाम घरों में घुस रहा गंदा बदबूदार पानी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कांशीराम कॉलोनी के ब्लॉक संख्या 84 में सीवर और नालियों के जाम होने से गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। कई घरों में गंदा पानी भर गया है, जिससे निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ है। ब्लॉक 84/2 निवासी वारिस ने बताया कि कॉलोनी के गटर पूरी तरह जाम हैं, जिससे पानी की निकासी रुक गई है। उनके घर के अंदर तक गंदा पानी भर गया है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि छोटे बच्चों के साथ गंदगी में रहना मुश्किल हो गया है। वारिस के अनुसार, नगर पालिका और ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की गई, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला ।वारिस ने यह भी आरोप लगाया कि सफाई के लिए आने वाले कुछ निजी कर्मचारी गटर साफ करने के बदले 10 से 15 हजार रुपये की मांग करते हैं। पैसे न देने पर वे सिर्फ निरीक्षण कर लौट जाते हैं। उन्होंने बताया कि गटर की सफाई का रास्ता उनके घर के भीतर से है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। मजबूरन परिवार के सदस्य खुद ही गंदा पानी निकालने और कूड़ा हटाने का काम कर रहे हैं। कॉलोनी निवासी चंदा देवी ने पुष्टि की कि यह समस्या केवल एक घर की नहीं, बल्कि पूरी कॉलोनी की है। उन्होंने बताया कि अधिकांश ब्लॉकों में सीवर जाम हैं और नालियों के किनारे कूड़े के ढेर लगे हुए हैं ।चंदा देवी के अनुसार, पहले नियमित रूप से सफाई होती थी, लेकिन पिछले काफी समय से सफाईकर्मी नहीं आए हैं, जिससे गंदगी और दुर्गंध बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि बरसात का मौसम शुरू होने से पहले सीवर और नालियों की सफाई नहीं कराई गई, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। गंदे पानी और कूड़े के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। कॉलोनीवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सीवर लाइन की सफाई, कूड़ा निस्तारण और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## नशे में धुत्त युवक ने पत्नी पर धारदार हथियार से किया हमला, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के ब्लॉक रोड स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाली महिला आज रविवार सुबह रेलवे लाइन के किनारे लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सीएचसी लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। झारखंड प्रदेश के रांची शहर निवासी राम उरांव अपनी पत्नी सीता के साथ भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। अन्य भट्ठा मजदूरों के अनुसार बीते शनिवार की रात भट्ठा मालिक से मजदूरी का भुगतान मिलने के बाद दोनों पति-पत्नी नशे में धुत होकर भट्ठे पर लौटे थे। रात में पति-पत्नी के बीच नशे की हालत में झगड़ा भी हुआ था। आरोप है कि झगड़े के दौरान ही राम उरांव ने अपनी पत्नी सीता पर चाकू से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। आज रविवार की सुबह सीता लहूलुहान हालत में भट्ठे से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे पड़ी मिली। जहां पति राम उरांव ने अज्ञात लोगों द्वारा पत्नी सीता के साथ दुष्कर्म करने और विरोध करने पर चाकू मारकर घायल कर देने का आरोप लगाया। किंतु पुलिस उसे घायलावस्था में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई। पुलिस द्वारा घटना के बाबत पूछताछ करने पर पति राम उरांव इलाज के लिए रुपये लेने की बात कहकर भाग निकला और वापस लौटकर अस्पताल नहीं आया। कोतवाली प्रभारी अखिलेशचंद्र पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पति-पत्नी के बीच विवाद और मारपीट का प्रतीत हो रहा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। घायल महिला को इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मुन्ना खेड़ा गांव में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान सोनम (24) पत्नी श्रीपाल के रूप में हुई है, जो मुन्ना खेड़ा गांव की निवासी थी। सोनम का मायका मौरावां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मतवई, हिलौली में है। उसकी शादी लगभग दो वर्ष पहले श्रीपाल से हुई थी, जो खेती-किसानी का काम करता है। परिजनों के अनुसार, सोनम को घर में फंदे से लटका हुआ पाया गया। उसे तुरंत नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मौरावां थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।अधिकारियों ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाहिता ने फांसी लगाई है, लेकिन उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। चूंकि शादी को अभी दो वर्ष ही हुए थे, मामले की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच में कोई भी संदिग्ध तथ्य सामने आने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## दुकान में सेंध लगाकर चोरी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र की कुंडासर चौकी अंतर्गत ग्राम कुंडासर चौराहा में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने एक दुकान में सेंध लगाकर नकदी व सामान चोरी कर लिया। पीड़ित सबाहुद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार चोर दुकान से करीब 15 हजार रुपये नकद समेत हजारों रुपये मूल्य का सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके की जांच की। कुंडासर चौकी प्रभारी ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम घटना के खुलासे में जुटी हुई है और जल्द ही चोरी का खुलासा किए जाने की उम्मीद है।

## आगे जा रहे डंपर में पीछे से घुसा दूसरा डंपर, चालक घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अजगैन कोतवाली के सामने रविवार दोपहर आगे चल रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रहा दूसरा डंपर उसमें पीछे से जा भिड़ा। हादसे में दूसरे डंपर का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकालकर सीएचसी भेजा, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जानकारी के अनुसार, अजगैन कोतवाली के सामने एक डंपर के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रहा दूसरा डंपर उससे टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दूसरे डंपर का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक राजेश (28) पुत्र मुलायम निवासी छिरौना, थाना चिरगांव, जनपद झांसी स्टेयरिंग में फंस गया। सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने काफी प्रयास के बाद चालक को बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के चलते हाईवे पर पक्षी विहार तक करीब दो किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई। जाम में घटनास्थल की ओर जा रही एनएचएआई की एंबुलेंस भी फंस गई। एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने पर पुलिस ने अपने वाहन से घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया। बाद में पुलिस ने हाइड्रा मशीन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त डंपर को हाईवे से हटाने का कार्य शुरू कराया, जिससे यातायात सामान्य कराया जा सके। अजगैन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि हादसे में घायल चालक को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हाईवे से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारु कराई जा रही है।

## हाइवे पर चलते पिकअप लोडर में लगी आग, मची अफरा तफरी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर रविवार को एक चलती पिकअप वैन में अचानक आग लग गई। श्याम लाल इंटर कॉलेज के पास हुई इस घटना से हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। वाहन चालकों और स्थानीय लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई, जिसके बाद तत्काल पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन हाईवे से गुजर रहा था तभी उसमें से धुआं उठना शुरू हो गया। देखते ही देखते वाहन आग की लपटों से घिर गया। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन को तुरंत सड़क किनारे खड़ा किया और सुरक्षित बाहर निकल आया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही अजगैन कोतवाली पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने क्षेत्र को सुरक्षित करते हुए यातायात को नियंत्रित किया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते आग बुझाए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया और आग आसपास के वाहनों या अन्य स्थानों तक नहीं फैल सकी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण वाहन में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं। इस घटना में पिकअप वाहन को काफी नुकसान हुआ है, हालांकि किसीभी व्यक्ति के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड और पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण स्थिति पर जल्द ही नियंत्रण पा लिया गया। आग लगने के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ था, जिसे बाद में सुचारु रूप से बहाल कर दिया गया।

## पति-पत्नी के 16 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 05, थाना अजगैन से 03, थाना सोहरामऊ, थाना पुरवा व थाना औरास से 02-02, थाना बिहार व थाना फतेहपुर चौरासी से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह व महिला आरक्षीगण अंजली, स्वेता यादव, पूजा, स्वाती यादव, बबली गुर्जर, पूनम राजपूत, शकुंतला, तरुण रानी, नीतू सिंह का विशेष योगदान रहा।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित पूरन नगर मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सदर कोतवाली क्षेत्र के पूरन नगर निवासी 24 वर्षीय करन पुत्र लल्ला के रूप में हुई है। यह घटना शनिवार रात करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। परिजनों ने जब करन को फंदे पर लटका देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और कानूनी कार्रवाई पूरी की। रविवार सुबह परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा रहा। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नाले में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रविदास नगर श्रीनगर में रविवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाले में मिला। यह घटना बालूघाट चौकी अंतर्गत मंदिर के सामने हुई। शव मिलने की सूचना फैलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नाले के पास आवारा कुत्ते शव को नोच रहे थे। यह देखकर स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही बालूघाट चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने भीड़ को हटाकर शव को अपने कब्जे में लिया ।यह घटना रविदास नगर श्रीनगर स्थित मंदिर के सामने नाले के पास हुई। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि शव काफी समय से नाले में पड़ा था। हालांकि, इसकी पुष्टि पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी। शव की स्थिति के कारण उसकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। चौकी इंचार्ज अरुण त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई है। शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास के थानों को भी सूचित किया गया है ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मृतक कौन है और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल सकती है।

## समाजवादी पार्टी की जनसभा में पूर्व जिला अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

### आखिर महंगाई के आतंक से सरकार कब देगी निजात

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत रुरवा गांव में कल रविवार को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में अखिलेश यादव जनसंदेश सभा आयोजित हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल उर्फ दयालू गुप्ता का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया वही जनसभा अंतर्गत मुख्य अतिथि ने वर्तमान सरकार पर आक्रोश जताते हुए कमर तोड़ महंगाई पर तीखे व्यंग्य कसे उन्होंने अपने संबोधन में वर्तमान में संपूर्ण देश में पेट्रोल डीजल तथा एलपीजी गैस समेत अन्य उपयोगी वस्तुओं में बढ़ती महंगाई की कीमतों में सुधार लाने का सरकार को आईना दिखाया उन्होंने बताया कि वर्तमान में संपूर्ण जनमानस वर्तमान सरकार से पूर्ण रूप से त्रस्त हो चुका है देश में बढ़ती बेरोजगारी पढ़े लिखे नौजवान रोड पर आ चुके हैं प्रतियोगी परीक्षाओं को भी बार-बार कैंसिल किया जा रहा है ऐसी स्थिति में वर्तमान सरकार को कुर्सी छोड़ देना चाहिए सम्मान समारोह कार्यक्रम अंतर्गत मौके पर मौजूद लगभग तीन सैकड़ा लोगों को अंग वस्त्र भेंट किए गए वही सभी कार्यकताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजाई इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य संदीप यादव सपा नेता शेर सिंह यादव उमेश सैनी राम कृपाल सोनकर कृष्णबिहारी यादव अनिरुद्ध कुशवाहा अजय यादव ओम प्रकाश संदीप गुप्ता मनोज समेत भारी संख्या में सपा समर्थन तथा क्षेत्रवासी मौजूद रहें

## पंखे का तार लगा रहे युवक की विद्युत करंट से मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बिजली बोर्ड शाकिट में पंखे का तार लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। परिजन इलाज के लिए बिछिया अस्पताल पहुँचे जहां से डाक्टर ने जिलाअस्पताल रेफर कर दिया। जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गयी। अचलगंज थाना क्षेत्र के अशोखर खेड़ा गाँव निवासी गुरुप्रसाद का 34 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश गाँव मे खेती बाड़ी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार सुबह घर मे लगे बिजली बोर्ड में पंखे का तार लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से मौके पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन फानन निजी वाहन से लेकर उसे बिछिया सीएचसी लेकर पहुँचे। जहां पर चिकित्सक ने हालत गम्भीर देख जिलाअस्पताल रेफर कर दिया। जिलाअस्पताल में इलाज के दौरान ओमप्रकाश ने अंतिम सांस ली। ओमप्रकाश की मौत से माँ रामजानकी, पत्नी सीमा देवी व दो बच्चो में श्रेयांश व सूर्या के सर से पिता का साया उठने से रो रोकर बुरा हाल है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

**पिछले कुछ सालों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं एक गंभीर राष्ट्रीय समस्या बनकर उभरी हैं। इसने न सिर्फ लाखों युवाओं के करियर पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि पूरी शिक्षा और भर्ती प्रणाली के भरोसे को भी गहरा धक्का पहुंचाया है। एक अदद सरकारी नौकरी या प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिले के लिए दिन-रात एक करने वाले करोड़ों विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति एक मानसिक विभीषिका जैसी है। तकनीक के बेहतर इस्तेमाल के बड़े-बड़े दावों के बीच आखिर चूक हो गई। इसके लिए सीबीएसई को परीक्षकों के लिए एक अनिवार्य और व्यापक डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना होगा, ताकि वे स्क्रीन पर भी न्यायपूर्ण मूल्यांकन कर सकें। पेपर लीक की समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि प्रतियोगी परीक्षाओं को लगातार अत्यधिक कठिन बनाया जा रहा है। जेईई एडवांस्ड और नीट जैसी परीक्षाओं में कई प्रश्न ऐसे पूछे जाते हैं जो भले ही औपचारिक रूप से पाठ्यक्रम के अंतर्गत हों, लेकिन उनकी जटिलता सामान्य विद्यालयी शिक्षा के स्तर से कहीं अधिक होती है। शिक्षा व्यवस्था का लक्ष्य प्रतिभा को पहचानना होना चाहिए, उसे अनावश्यक दबाव और असमानताओं के जाल में फंसाना नहीं। अब समय आ गया है कि एक पारदर्शी, सुरक्षित और अचूक परीक्षा प्रणाली का निर्माण किया जाए।** ***इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# पेपर लीक : सिस्टम को इलाज की जरूरत

विश्लेषण

चरणजीत चरण

स्वतंत्र स्तंभकार

**सीबीएसई एवं नीट की परीक्षाओं ने देश के युवा को निराश किया है। इस तरह की घटनाएं जब भी होती हैं तो देश के युवा मन में निराशा और अवसाद का एक बीज उपजने लगता है, जिससे उस युवा का समूचा परिवार प्रभावित होता है। सरकार नीतियां निर्धारित करती है, लेकिन उन नीतियों का क्रियान्वयन करने वाले प्रशासनिक अधिकारी, पेपर बनाने वाले एक्सपर्ट वो लोग जिन पर उस पेपर को संभालने और उसकी गोपनीयता कायम रखने की जिम्मेदारी होती है या कोई बड़ा राजनीतिक व्यक्ति जब किसी लालच का शिकार हो जाता है तो पेपर लीक जैसी घटनाएं समाज में घटती हैं। इस तरह की घटनाओं को किसी एक व्यक्ति की गलती के तौर पर देखना पूरे सिस्टम की गंदगी पर पर्दा डालने जैसा होगा।**

किसी भी देश को आत्मनिर्भर बनाने और उसके सांस्कृतिक, धार्मिक, तकनीकी एवं नैतिक उत्थान को उसके वैभव तक ले जाने में उस देश की शिक्षा का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। अगर किसी कारण से शिक्षा व्यवस्था में कोई सेंधमारी होती है तो यह निश्चित रूप से उस देश के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। पिछले कई वर्षों से भारत की कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। सामान्य परीक्षाओं से लेकर भर्ती परीक्षाएं भी पेपर लीक की शिकार हुई हैं। अगर हालिया वर्ष की बात करें तो सीबीएसई एवं नीट की परीक्षाओं ने देश के युवा को निराश किया है। इस तरह की घटनाएं जब भी होती हैं तो देश के युवा मन में निराशा और अवसाद का एक बीज उपजने लगता है, जिससे उस युवा का समूचा परिवार प्रभावित होता है। सरकार नीतियां निर्धारित करती है, लेकिन उन नीतियों का क्रियान्वयन करने वाले प्रशासनिक अधिकारी, पेपर बनाने वाले एक्सपर्ट वो लोग जिन पर उस पेपर को संभालने और उसकी गोपनीयता कायम रखने की जिम्मेदारी होती है या कोई बड़ा राजनीतिक व्यक्ति जब किसी लालच का शिकार हो जाता है तो पेपर लीक जैसी घटनाएं समाज में घटती हैं। इस तरह की घटनाओं को किसी एक व्यक्ति की गलती के तौर पर देखना पूरे सिस्टम की गंदगी पर पर्दा डालने जैसा होगा। सिस्टम में बैठे लोगों की लापरवाही कोई तकनीकी खामी या किसी व्यक्ति का नैतिक पतन किसी भी परीक्षा के लीक के लिए जिम्मेदार हो सकता है, लेकिन इसके लिए भी सबसे अधिक जिम्मेदारी सरकार की ही बनती है। पेपर लीक का यह मामला पहला नहीं है। कई वर्षों से इस तरह के मामले निरंतर आ रहे है, लेकिन उसके लिए कोई ठोस नेटवर्क तैयार न कर पाना दोषी लोगों को कड़ी सजा का प्रावधान न होना, एक निचले स्तर के कर्मचारी से लेकर किसी बड़े अधिकारी तक जिम्मेदारी तय न करना और उसका उल्लंघन होने पर कड़ी सजा का प्रावधान न होना इस सारे घटनाक्रम का कारण बनता है।



## संगठित अपराध बना पेपर लीक

लीक होने वाली इन परीक्षाओं के लिए सरकार, प्रशासन और विशेषज्ञ ही जिम्मेदार हों, ऐसा नहीं है। बात अब इससे बहुत आगे बढ़ चुकी है। पेपर लीक अब एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है। इसमें मोटा पैसा, रसूक और माफिया तंत्र का कॉकटेल बन चुका है। समाज के मध्यवर्ग में बैठे कुछ बड़े अधिकारी, उद्योगपति और कोचिंग संचालक इस पूरी प्रक्रिया से मोटा पैसा खींच रहे हैं। एक तरफ जहां लोगों पर सामाजिक दबाव है, बच्चों को किसी अच्छे कोर्स में डालने का और उन्हें कामयाब होते हुए देखने का, तो दूसरी तरफ अपनी सामाजिक और आर्थिक सत्ता को बचाने का भी दबाव है। इसके चलते पेपर लीक जैसे शॉर्टकट के माध्यम से नालायक बच्चों को भी कामयाब बनाने की कोशिश की जा रही है।

पैसे वाले माता-पिता की इसी मजबूरी और महत्वाकांक्षा का फायदा पेपर लीक माफिया उठा रहा है। लीक पेपर के लाखों रुपये पेरेंट्स से वसूले जाते हैं। लीक पेपर से बना डॉक्टर इंजीनियर या अन्य किसी पद पर बैठा व्यक्ति समाज में कभी नैतिकता के पैमाने पर खरा नहीं उतर सकता। आज बहुत से इंस्टिट्यूट ये दावा करते हैं कि उनके यहां से कोचिंग लेने पर परीक्षा पास करने की सौ प्रतिशत गारंटी है।

## भ्रामक विज्ञापन पर रोक लगे

पेपर लीक की बुनियाद यही गारंटी है। इसको बस ऐसे समझ लीजिए कि कोई तरबूज बेचने वाला अगर सौ प्रतिशत लाल और मीठे की गारंटी लेता है तो निश्चित मानना चाहिए कि वहां तरबूज में किसी केमिकल का इस्तेमाल हुआ है। भारत में भी पेपर लीक का एक बड़ा सोर्स इसी तरह के संस्थान हैं, जिन पर पूर्णतया रोक लगाने या इस तरह के भ्रामक विज्ञापन बंद करने की आवश्यकता है। आज सरकार और स्वयं पेरेंट्स को यह तय करना होगा कि हम देश में कैसा तंत्र चाहते हैं। क्या हम एक ऐसे डॉक्टर से इलाज कराना चाहते हैं तो पेपर लीक से डॉक्टर बना है।

**पेपर लीक : मुख्य कारण**

- ठोस नेटवर्क तैयार न कर पाना पेपर लीक का मुख्य कारण
- दोषी लोगों को कड़ी सजा का प्रावधान न होना शामिल
- निचले स्तर से बड़े अधिकारी तक जिम्मेदारी तय न करना
- कड़ी सजा का प्रावधान न होना

## सुधरनी चाहिए व्यवस्था

क्या हम किसी ऐसे इंजीनियर के मानकों पर खरे उतरे पुल से गुजरना चाहते हैं जो पेपर लीक सका सहारा लेकर यहां तक पहुंचा है, यह समस्या आज विकराल रूप लेती जा रही है। बार-बार पेपर लीक होना बताता है कि सिस्टम का एक बड़ा हिस्सा सड़ चुका है। उसे एक सतत इलाज की जरूरत है। जब तक सिस्टम में बैठे लोगों की जिम्मेदारी तय नहीं होती और जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा का प्रावधान नहीं होता, तब तक इस समस्या से निपटना आसान नहीं है।

साथ ही हमें बच्चों को बेसिक शिक्षा से ही नैतिक मूल्यों की कसौटी पर इस परिपक्वता के साथ ढालना होगा कि वे स्वयं इस तरह के अनैतिक कार्य के विरुद्ध खड़े होकर अपनी आवाज मुखर कर सकें। अगर ये नहीं होता है तो भविष्य में इसके बहुत ही दुखद परिणाम देखने को मिलेंगे। क्योंकि सालों साल मेहनत करने वाला बच्चा जब यह देखता है कि जिस करियर के सपने को सजाकर वह वर्षों से मेहनत कर रहा था, वह परीक्षा लीक हो चुकी है तो उसके मन मस्तिष्क पर इसका ऐसा दुष्प्रभाव पड़ेगा कि वह पूरे जीवन देश की सरकार और सिस्टम पर विश्वास नहीं कर पाएगा। हो सकता है कि यह घटना उसके मानसिक अवसाद का कारण बन जाए।

## समाज होता है प्रभावित

इसका एक और दुष्परिणाम यह होगा कि बहुत सारे योग्य बच्चों की जगह अयोग्य बच्चे उन महत्वपूर्ण पदों पर बैठ जाएंगे, जहां से पूरा समाज प्रभावित होता है। यह ऐसी स्थिति होती है जैसे किसी स्वस्थ शरीर में एक अंग का खराब हो जाना, जो आज नहीं तो कल पूरे शरीर के लिए घातक साबित होगा।

# स्कूली शिक्षा के अनुरूप हों प्रतियोगी परीक्षाएं

व्यवस्था

विनीत पाण्डेय

वरिष्ठ पत्रकार

देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पिछले कुछ वर्षों में गंभीर प्रश्नों के घेरे में आई है। विशेष रूप से मेडिकल प्रवेश परीक्षा जैसे नीट से जुड़े विवादों ने लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है। लाखों की संख्या मे छात्रों द्वारा दी गई इस परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने, असामान्य रूप से बड़ी संख्या में छात्रों के अत्यधिक अंक प्राप्त करने तथा परीक्षा संचालन में अनियमितताओं के आरोप लगे। साथ ही विभिन्न राज्यों में शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, रेलवे भर्ती तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे मामलों ने न केवल युवाओं का विश्वास कमजोर किया है बल्कि परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पेपर लीक की समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि प्रतियोगी परीक्षाओं को लगातार अत्यधिक कठिन बनाया जा रहा है। जेईई एडवांस्ड और नीट जैसी परीक्षाओं में कई प्रश्न ऐसे पूछे जाते हैं जो भले ही औपचारिक रूप से पाठ्यक्रम के अंतर्गत हों, लेकिन उनकी जटिलता सामान्य विद्यालयी शिक्षा के स्तर से कहीं अधिक होती है। राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पुस्तकों पर आधारित होने का दावा करने वाली परीक्षाओं में भी अनेक ऐसे प्रश्न देखने को मिलते हैं, जिनके समाधान के लिए विशेष कोचिंग की आवश्यकता पड़ती है। इस संदर्भ में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता है कि जब चयन प्रक्रिया का अंतिम आधार मेरिट ही है, तब प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर इतना अधिक रखने की आवश्यकता क्यों महसूस की जाती है? यदि किसी परीक्षा में दस लाख विद्यार्थी शामिल होते हैं और केवल पांच हजार का चयन होना है, तो अपेक्षाकृत संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नपत्र में भी श्रेष्ठ विद्यार्थियों की पहचान की जा सकती है। कठिनाई बढ़ाने से चयन प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष नहीं हो जाती, बल्कि यह उन छात्रों को अतिरिक्त लाभ देती है जिन्हें महंगे कोचिंग संस्थानों तक पहुंच उपलब्ध है। भारत में शायद इसीलिए भी कोचिंग उद्योग का आकार लगातार बढ़ रहा है। राजस्थान का कोटा, तेलंगाना का हैदराबाद तथा दिल्ली का मुखर्जी नगर जैसे क्षेत्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बड़े केंद्र बन चुके हैं। अनेक परिवार अपने बच्चों की तैयारी पर लाखों रुपये खर्च करने के लिए विवश हो जाते हैं। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र इस प्रतिस्पर्धा में पीछे छूट जाते हैं। यह स्थिति शिक्षा में समान अवसर के सिद्धांत के विपरीत है। यदि किसी छात्र ने अपने विद्यालय में पूरी लगन से पढ़ाई की है और बोर्ड के निर्धारित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, तो उसे केवल इसलिए नुकसान नहीं होना चाहिए कि उसने किसी महंगे कोचिंग संस्थान में प्रवेश नहीं लिया। प्रतियोगी परीक्षाओं का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रोत्साहित करना होना चाहिए, न कि उसे अप्रासंगिक बनाना। सरकार और परीक्षा संचालित करने वाली संस्थाओं को इस विषय पर गंभीरता से पुनर्विचार करना चाहिए। नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं का पाठ्यक्रम देश के विभिन्न शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रमों के अनुरूप होना चाहिए। प्रश्नों का स्तर ऐसा हो जो अवधारणात्मक समझ की जांच करे, लेकिन विद्यालयों में पढ़ाए जाने वाले विषयों की सीमा से बाहर न जाए। यदि किसी प्रश्न को हल करने के लिए छात्र को अतिरिक्त कोचिंग सामग्री या विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ती है, तो यह परीक्षा की मूल भावना के विरुद्ध माना जाना चाहिए। इसके साथ ही परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा को भी मजबूत करना आवश्यक है। प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, एन्क्रिप्टेड वितरण प्रणाली, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, दोषियों के विरुद्ध त्वरित कड़ी कार्रवाई तथा पारदर्शी जांच व्यवस्था को और सशक्त बनाया जाना चाहिए।

**भारत जैसे युवा देश के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि प्रतिभा का चयन अवसरों की समानता और ईमानदार प्रतिस्पर्धा के आधार पर हो, न कि कोचिंग की उपलब्धता, आर्थिक क्षमता या पेपर लीक जैसी विकृतियों के आधार पर।**

पेपर लीक केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं है, बल्कि यह लाखों मेहनती छात्रों के सपनों पर चोट है। एक छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम करता है, जबकि कुछ लोग अवैध तरीकों से उस मेहनत का मूल्य समाप्त कर देते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रतियोगी परीक्षाओ को कठिन बनाने की बजाय निष्पक्ष, पारदर्शी और विद्यालयी शिक्षा के अनुरूप बनाया जाए। यदि प्रश्नपत्र देश के विभिन्न बोर्डों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे, तो छात्रों का कोचिंग संस्थानों पर निर्भरता कम होगी, आर्थिक असमानता घटेगी और विद्यालयी शिक्षा का महत्व बढ़ेगा। साथ ही, यदि परीक्षा प्रणाली सुरक्षित और विश्वसनीय होगी तो युवाओं का विश्वास भी मजबूत होगा। भारत जैसे युवा देश के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि प्रतिभा का चयन अवसरों की समानता और ईमानदार प्रतिस्पर्धा के आधार पर हो, न कि कोचिंग की उपलब्धता, आर्थिक क्षमता या पेपर लीक जैसी विकृतियों के आधार पर। शिक्षा व्यवस्था का लक्ष्य प्रतिभा को पहचानना होना चाहिए, उसे अनावश्यक दबाव और असमानताओं के जाल में फंसाना नहीं।

# तकनीक की चमक में गायब हुई गुणवत्ता

मंथन

डॉ. सुरेंद्र कुमार

स्वतंत्र स्तंभकार

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और निष्पक्ष बनाने के लिए तकनीक का दामन थामा। डिजिटल मूल्यांकन, ऑन-स्क्रीन मार्किंग, बारकोड आधारित उत्तर पुस्तिकाएं और ऑनलाइन मॉडरेशन जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं का उद्देश्य सिर्फ एक था, मानवीय भूलों को कम करना और पूरे देश में एक समान मानक स्थापित करना। साल 2026 के 12वीं बोर्ड के नतीजों ने इस पूरी चमक-दमक के पीछे छिपी एक गंभीर वास्तविकता को उजागर कर दिया है। परीक्षा परिणाम आते ही जिस तरह देश भर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने मूल्यांकन प्रक्रिया पर तीखे सवाल उठाए, उसने एक नई बहस को जन्म दे दिया।

सवाल यह है कि तकनीक के बेहतर इस्तेमाल के बड़े-बड़े दावों के बीच आखिर चूक कहां हुई? सबसे जरूरी यह कि आने वाले समय में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए सरकार को क्या कदम उठाने चाहिए? सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली का मूल विचार बहुत प्रगतिशील था, जिसमें शिक्षक कंप्यूटर स्क्रीन पर कॉपियां जांचते हैं ताकि कॉपियों का विवरण आसानी से रखा जा सके और समय पर परिणाम घोषित हों। मगर इस बार के नतीजों ने इस पूरी व्यवस्था पर ही एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। हजारों मेधावी छात्रों ने यह शिकायत की है कि उन्होंने सभी प्रश्नों के पर्याप्त और सही उत्तर लिखे थे फिर भी उन्हें उम्मीद से बहुत कम अंक मिले। सबसे चौंकाने वाली स्थिति कुछ खास विषयों, जैसे फिजिक्स में देखने को मिली, जहां लगभग 58 % छात्रों को फेल या 'रिपीट' की श्रेणी में डाल दिया गया। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का पिछड़ना सीधे तौर पर इस तकनीकी मूल्यांकन की विश्वसनीयता को कटघरे में खड़ा करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस विफलता का कारण स्वयं तकनीक नहीं है, बल्कि उसके क्रियान्वयन का तरीका और मशीनों पर हमारी जरूरत से ज्यादा निर्भरता है। इसमें पहली और सबसे बड़ी चूक शिक्षकों के प्रशिक्षण से जुड़ी रही। कंप्यूटर स्क्रीन पर लंबे-लंबे उत्तरों को पढ़ना, उन्हें समझना और मार्किंग टूल्स का इस्तेमाल करना, पारंपरिक रूप से कागज पर कॉपी जांचने से बिल्कुल अलग अनुभव है। चूंकि शिक्षकों को इसके लिए व्यावहारिक रूप से तैयार नहीं किया गया, इसलिए वे स्क्रीन पर उत्तरों के गहरे भाव और गुणवत्ता को समझने में चूक गए। तकनीक ने गति तो दी, लेकिन मजबूत 'क्वालिटी चेक' न होने के कारण यह गति अंततः भारी त्रुटियों में बदल गई। इसके अलावा, मॉडरेशन और री-वेरिफिकेशन की व्यवस्था भी इस बार बेहद कमजोर साबित हुई। आधुनिक सॉफ्टवेयर होने के बावजूद यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि हर कॉपी को तय मानकों के अनुसार जांचा जा रहा है या नहीं। परिणाम यह हुआ कि शुरुआती स्तर पर हुई गलतियां बिना किसी रोक-टोक के सीधे फाइनल रिजल्ट तक पहुंच गईं। कॉपियों के डिजिटल होने के बावजूद छात्रों को कोई ऐसा विस्तृत फीडबैक या स्पष्टीकरण नहीं मिला जिससे वे समझ सकें कि उनके अंक आखिर कहां और क्यों कटे।




**बोर्ड को मार्किंग स्कीम और कॉपियों को देखने की प्रकिया में पूर्ण पारदर्शिता अपनानी होगी, तभी छात्रों का भरोसा वापस जीता जा सकेगा। परीक्षा परिणाम के चलते प्रभावित हुए छात्रों के संकट का तत्काल निवारण करना भी बहुत आवश्यक है।**

इस पारदर्शिता की कमी ने छात्रों के असंतोष को गहरे अविश्वास में बदल दिया है। अब सवाल उठता है कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए क्या किया जाना चाहिए। तकनीक आज की जरूरत है और इससे पीछे लौटना कोई समाधान नहीं हो सकता; समाधान केवल तकनीक और मानवीय विशेषज्ञता के बीच एक सही संतुलन बनाने में है। इसके लिए सीबीएसई को परीक्षकों के लिए एक अनिवार्य और व्यापक डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना होगा ताकि वे स्क्रीन पर भी न्यायपूर्ण मूल्यांकन कर सकें। दूसरा, ए आई और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग केवल 'ऑडिट' और निगरानी के लिए होना चाहिए। यदि किसी छात्र को बहुत असामान्य अंक मिलते हैं तो एआई सिस्टम को उसे स्वतः चिन्हित कर देना चाहिए ताकि वरिष्ठ शिक्षक उस कॉपी को दोबारा देख सकें।

बोर्ड को मार्किंग स्कीम और कॉपियों को देखने की प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता अपनानी होगी, तभी छात्रों का भरोसा वापस जीता जा सकेगा। परीक्षा परिणाम के चलते प्रभावित हुए छात्रों के संकट का तत्काल निवारण करना भी बहुत आवश्यक है। यह अनुभव एक बड़ी चेतावनी है कि शिक्षा में आधुनिकता का स्वागत तो है, लेकिन किसी भी तकनीक को छात्रों के भविष्य की कीमत पर लागू नहीं किया जा सकता।

# योग्यता पर प्रहार, भविष्य पर वार

परीक्षा

डॉ. पवन कुमार शर्मा

स्वतंत्र पत्रकार

भारत में 'पेपर लीक' की निरंतर बढ़ती घटनाएं केवल प्रशासनिक विफलता या वित्तीय भ्रष्टाचार का मामला नहीं है बल्कि यह देश के भविष्य के साथ होने वाला एक गंभीर क्रूर मज़ाक है। एक अदद सरकारी नौकरी या प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिले के लिए दिन-रात एक करने वाले करोड़ों विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति एक मानसिक विभीषिका जैसी है।

हर साल लाखों युवाओं की उम्मीदें, उनके माता-पिता की गाढ़ी कमाई और सालों की तपस्या एक झटके में पेपर लीक के काले बाज़ार की भेंट चढ़ जाती है। एक सुरक्षित परीक्षा प्रणाली का ढांचा तीन स्तंभों पर टिकता है- गोपनीयता, सत्यनिष्ठा और उपलब्धता। पेपर लीक की घटनाएं दर्शाती हैं कि हमारे तंत्र में इन तीनों ही स्तरों पर गंभीर कमियां हैं। प्रश्नपत्र तैयार होने से लेकर प्रिंटिंग प्रेस, लॉजिस्टिक्स (परिवहन) और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के बीच कई ऐसे 'लीक प्वाइंटस' होते हैं, जहां सुरक्षा बेहद कमज़ोर है। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों या निजी एजेंसियों की मिलीभगत से प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर तैरने लगते हैं। दूसरा, पेपर लीक मामले में मजबूत कानून और त्वरित न्याय का अभाव है। राज्य स्तर के कानून इतने लचर हैं कि दोषी कुछ ही दिनों में ज़मानत पर बाहर आ जाते हैं और दोबारा इसी धंधे में लग जाते हैं। त्वरित और कठोर सज़ा न होना अपराधियों के हौसले बढ़ाता है। तीसरा परीक्षा लेने वाली एजेंसियों की निजी केंद्रों और आउटसोर्सिंग पर अत्यधिक निर्भरता भी इसका बड़ा कारण है। परीक्षा कराने वाली नोडल एजेंसियों में भी कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे वे बाहरी वेंडर्स पर निर्भर हो जाती हैं। मनोविज्ञान के नजरिए से देखें तो परीक्षा की तैयारी का दौर अपने आप में एक उच्च-तनाव की अवधि होती है। जब इस तनाव के बीच पेपर लीक या परीक्षा रद्द होने की खबर आती है तो विद्यार्थी का मानसिक संतुलन बुरी तरह डगमगा जाता है। नीट पेपर लीक के बाद देशभर के राज्यों में जिस तरह से युवा-युवतियों के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आईं, वे मानसिक असंतुलन और दबाव का ही परिणाम हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र महीनों, सालों तक 'क्रॉनिक स्ट्रेस' यानी लगातार बने रहने वाले तनाव से गुजरते हैं। जब परीक्षा रद्द हो जाती है तो छात्र 'बर्नआउट' की स्थिति में पहुंच जाते हैं। बर्नआउट का अर्थ है मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से पूरी तरह टूट जाना, जिसके बाद दोबारा ऊर्जा जुटाना असंभव सा लगने लगता है। मनोविज्ञान में मार्टिन सेलिगमैन का 'लर्नड हेल्पलेसनेस' का सिद्धांत यहां सटीक बैठता है। जब छात्रों को लगता है कि उनकी कड़ी मेहनत, बुद्धिमत्ता और प्रयासों का परीक्षा के परिणाम से कोई लेना-देना नहीं है क्योंकि अंततः पेपर तो पैसे वाले ही खरीद लेंगे तो वे मान लेते हैं कि परिस्थितियां उनके नियंत्रण से बाहर हैं। यह सोच उन्हें गहरे डिप्रेशन की ओर धकेलती है और वे प्रयास करना ही छोड़ देते हैं। पेपर लीक होने पर जब सालों की मेहनत शून्य हो जाती है तो छात्रों में 'आईडेंटिटी क्राइसिस' पैदा होता है। इसके साथ ही रिश्तेदारों और समाज के ताने, 'इतने साल से क्या कर रहे हो?' जैसी बातें उनके आत्मसम्मान को पूरी तरह नष्ट कर देती हैं। यही कारण है कि कोटा से लेकर प्रयागराज तक, छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति डराने वाले स्तर तक बढ़ गई है। पेपर लीक होने पर सरकारें अक्सर परीक्षा रद्द करके 'दोबारा परीक्षा' की घोषणा कर देती हैं। प्रशासनिक रूप से यह एक समाधान लग सकता है, लेकिन एक विद्यार्थी के धरातल पर यह एक नई प्रताड़ना की शुरुआत है। अधिकांश छात्र ग्रामीण या निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं जो शहरों में किराए के कमरों या लॉज में रहकर, कर्ज लेकर कोचिंग और रहने का खर्च उठाते हैं। कई परिवारों के पास दोबारा परीक्षा तक छात्र को बाहर रखने के पैसे ही नहीं होते। मानव मस्तिष्क किसी एक लक्ष्य के लिए एक निश्चित समय तक ही उच्चतम एकाग्रता बनाए रख सकता है। परीक्षा के दिन छात्र का मानसिक स्तर चरम पर होता है। परीक्षा टलने या रद्द होने पर वह मानसिक लय टूट जाती है। जब देश की मेधावी युवा शक्ति व्यवस्था से निराश होकर अवसाद और आक्रोश में डूबने लगेगी तो राष्ट्र निर्माण की नींव भी कमजोर होगी। अब समय आ गया है कि एक पारदर्शी, सुरक्षित और अचूक परीक्षा प्रणाली का निर्माण किया जाए ताकि किसी भी युवा की मेहनत पर भ्रष्टाचार का पानी न फिरे और 'योग्यता' का मान सुरक्षित रहे।



**परीक्षा की तैयारी का दौर अपने आप में एक उच्च-तनाव की अवधि होती है। जब परीक्षा रद्द होने की खबर आती है तो विद्यार्थी का मानसिक संतुलन बुरी तरह डगमगा जाता है। नीट पेपर लीक के बाद जिस तरह से युवाओं के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आईं, वे मानसिक असंतुलन का ही परिणाम हैं।**

# गुरसरांय-वाया झांसी बस सेवा का शुभारंभ



**मुख्यमंत्री वाहन योजना के तहत ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात**

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। जनपद झांसी के गरौठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत विलाटी खेत (वाया गुरसरांय) से झांसी तक मुख्यमंत्री वाहन योजना के अंतर्गत बस सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी.निरंजन ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह बस सेवा क्षेत्रवासियों के लिए आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।इससे ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों तक पहुंचने में आसानी होगी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख बामौर प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार,एमएलसी प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र पटेल भड़ोकर सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह बस सेवा ग्रामीण अंचल के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और आमजन को सीधे लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों ने सहभागिता करते हुए जनहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी ने खोला कथित करोड़ों की ठगी का जाल

## आरोपी पर पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। समाजसेवा और जनहित के कार्यों के लिए चर्चित संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने एक कारोबारी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने रेलवे ठेकों, निर्माण कार्यों और व्यापारिक साझेदारी के नाम पर विश्वास हासिल कर लगभग 62 लाख रुपये हड़प लिए और रकम वापस मांगने पर जान से मारने तथा झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार आरोपी ने स्वयं को रेलवे ठेकेदार और बड़े कारोबारों से जुड़ा व्यक्ति बताते हुए डॉ. सरावगी का विश्वास जीता। बाद में विभिन्न परियोजनाओं में साझेदारी और लाभ का लालच देकर कई किश्तों में बड़ी धनराशि प्राप्त कर ली। आरोप है कि जब रकम वापस मांगी गई तो आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा और बाद में धमकियों का सहारा लेने लगा। मामले को और गंभीर बनाते हुए डॉ. सरावगी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार एक मामले में आवासीय संपत्ति की रजिस्ट्री कराने के नाम पर लाखों रुपये लेने, बाद में न तो रजिस्ट्री करने और न ही रकम लौटाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं एक अन्य मामले में व्यापारिक साझेदारी, निर्माण सामग्री सप्लाई और निवेश के नाम पर लगभग 95.39 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल तथा धमकी देने के आरोपों में थाना प्रेमनगर में विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई।डॉ संदीप का दावा है कि इन मामलों की जानकारी मिलने के बाद उसे विश्वास हो गया कि उसके साथ भी सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी की गई है। डॉ. संदीप सरावगी का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो अन्य लोग भी ऐसे कथित जालसाजी के शिकार हो सकते हैं।उन्होंने पुलिस प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# जेल से रिहा हुए भानू सहाय, समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



झांसी। बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया।रिहाई के बाद जेल परिसर के बाहर समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और वातावरण नारों से गूंज उठा। जानकारी के अनुसार, बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान 4 जून को भानू सहाय को जेल भेजा गया था।इसके विरोध में अधिवक्ताओं एवं विभिन्न संगठनों द्वारा लगातार विरोध दर्ज कराया जा रहा था।इसके बाद 6 जून की शाम उन्हें जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। रिहाई के तुरंत बाद समर्थकों ने ह्लजेल के ताले टूट गए, भानू सहाय छूट गएह्व और ह्लकौन आया कौन आया, भानू सहाय शेर आयाह्व जैसे नारों के साथ उनका स्वागत किया। समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रमोद शिवहरे, रजनीश श्रीवास्तव, रघुराज शर्मा, सुरेंद्र सक्सेना, मुकेश अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, रामकुमार खरे, गिरजा शंकर राय, प्रदीप नाथ झा, गोलू ठाकुर, हनीफ खान, सत्येंद्र पूरी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि एवं बुंदेली कार्यकर्ता मौजूद रहे। भानू सहाय ने समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण का आंदोलन जारी रहेगा और इसे और अधिक गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मोर्चा की बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# बड़े भाई की पिटाई से बीमार चल रहे छोटे भाई की मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। थाना माखी क्षेत्र के सराय थोक में मामूली सी बात को लेकर रिश्ते हुए तार तार बीमार छोटे भाई को बड़े भाई ने इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया माखी थाना क्षेत्र के सराय थोक निवासी पंकज दुबे 37 वर्ष पुत्र राम भरोसे लगभग 6 माह से बीमार चल रहा था जिससे वो घर पर ही रहता था बीते शनिवार की रात लगभग 1 बजे बड़े भाई कृष्ण गोपाल ने उसके साथ मारपीट की जिससे रविवार दिन में लगभग दो बजे उसकी मौत हो गई मां विजय लक्ष्मी ने बताया कि पति की मौत के बाद चार बेटे सहित पांच लोगों के नाम लगभग आठ खेत हो गया था बड़ा बेटा वही खेत बेच कर रुपयों की मांग कर रहा था इसी बात को लेकर नाराज बड़े बेटे ने पंकज के साथ मारपीट की जब बचाव करना चाहा तो मुझे भी मारा पीटा रविवार को उसकी मौत हो गई युवक की मौत से परिजनो में चीख पुकार मच गई थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मृतक बीमार रहता था पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

# सांप के काटने और आत्महत्या की कहानी निकली झूठी, 19 वर्षीय शुभी की हत्या का खुलासा

अमन लेखनी समाचार

संडीला, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र की मीतो ग्रामसभा के मजरा समदखेड़ा में 19 वर्षीय युवती शुभी की मौत का मामला हत्या में तब्दील हो गया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि युवती की पीट-पीटकर हत्या की गई थी और बाद में घटना को सांप के काटने अथवा आत्महत्या का रूप देकर छिपाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मृतका के पिता समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार समदखेड़ा निवासी शुभी 3 जून की रात घर से बाहर चली गई थी और 4 जून की सुबह वापस लौटी। इसी बात को लेकर परिवार में विवाद हो गया। आरोप है कि पिता रामदयाल, भाई मुनेश और सुरेश तथा भाभी माधुरी ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। जांच में सामने आया कि घटना के बाद आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के लिए मृतका के शरीर पर सुई से ऐसे निशान बनाए, जिससे मामला सर्पदंश का लगे। वहीं गले पर भी निशान बनाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई।इसके बाद बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।मामले का खुलासा तब हुआ जब मृतका की मां मिथिलेशा ने 7 जून को कोतवाली संडीला पहुंचकर तहरीर दी और बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या, साक्ष्य छिपाने और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।पूछताछ और जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने रामदयाल, मुनेश, सुरेश और माधुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने घटना को दूसरी दिशा देने और कानून से बचने के लिए सुनियोजित साजिश रची थी।युवती की मौत और उसके बाद सामने आए खुलासे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है तथा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# आधी रात घर से लौटने पर बेटी की पीट-पीटकर हत्या, पिता समेत चार गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



संडीला। संडीला कोतवाली क्षेत्र के मीतो मजरा समदखेड़ा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।घर से बिना बताए बाहर जाने पर 19 वर्षीय युवती की उसके पिता, चाचा और चाची ने कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने मामले को सामान्य मौत और आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गांव निवासी रामदयाल अपनी पत्नी मिथिलेशा और बच्चों के साथ रहता है।उसकी बड़ी बेटी शुभि (19) तीन जून की रात करीब 12 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गई थी। सुबह करीब चार बजे जब वह वापस लौटी तो पिता रामदयाल ने उसे देख लिया। इस बात से नाराज होकर उसने शुभि को डांटना शुरू कर दिया।शोर सुनकर रामदयाल के भाई मुनेश और सुरेश तथा मुनेश की पत्नी माधुरी भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि चारों ने मिलकर शुभि की बेरहमी से लात-घूंसों से पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई।इसके बाद हत्या को छिपाने के लिए आरोपियों ने युवती के हाथ पर सिलाई मशीन की सुई से सांप के काटने जैसा निशान बनाया और गले पर फंदे के निशान भी बनाने का प्रयास किया, ताकि मामला आत्महत्या या सामान्य मौत प्रतीत हो। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पुलिस को सूचना दिए बिना गांव के एक बाग में शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी, जिसके बाद जांच शुरू हुई। मृतका की मां मिथिलेशा की तहरीर पर पुलिस ने हत्या और साक्ष्य मिटाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर रामदयाल, मुनेश, सुरेश और माधुरी को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम ने बताया कि पूछताछ में मारपीट के कारण युवती की मौत होने की बात सामने आई है। शव का अंतिम संस्कार कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया था। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तरीय बैठक हुई संपन्न



**जिला अध्यक्ष ने शक्ति केंद्र संयोजकों को किया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड बीजेपी कार्यालय अंतर्गत एक दिवसीय मंडल कार्य समिति बैठक का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पटेल का सभी कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया वही कार्यक्रम के शुभारंभ में जिला अध्यक्ष ने पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि की प्रतिमाओं में माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पटेल ने सरकार के विकास कार्यों का वर्णन करते हुए अन्य प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारियां प्रस्तुत की वही परिसर में मौजूद शक्ति केंद्र संयोजक तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव तथा क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पटेल ने सम्मानित किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी साहब सिंह गौतम राम भक्त वर्मा पूर्व शिक्षक सुरेंद्रनाथ उमराव सत्य प्रकाश शुक्ला शिवा गुप्ता रज्जन लाल त्रिवेदी अनिल ओमर तथा विवेक संतोष गुप्ता समेत पार्टी के सभी पदाधिकारी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# वाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्र में भ्रमण कर किया जनसंवाद



**बलहा विधानसभा के कई गांव में पहुंचे विकास वाल्मीकि**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। वाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार वाल्मीकि उर्फ संतोष ने बलहा विधानसभा क्षेत्र के मंडल गिरधरपुर तथा मिहींपुरवा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर वाल्मीकि समाज के साथ ही अन्य समाज के लोगों से जन संवाद किया साथ ही उन्होंने लोगों से अपने-अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने तथा देश के निर्माण में अपना योगदान देने की बात कही। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों से जानकारी लेते हुए उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। वाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने बताया कि बलहा विधानसभा के मंडल गिरधरपुर तथा मिहींपुरवा के गांव में पहुंच कर लोगों से मुलाकात कर संवाद किया तथा सरकार की योजनाओं पर चर्चा हुई। इस मौके पर काफी संख्या में उपस्थित लोगों ने उनका जगह-जगह स्वागत भी किया।

# एमएलसी विधायक निधि से 1 किमी सड़क निर्माण का भूमि-पूजन

**ग्राम सगौली में विकास कार्य शुरू**

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)।जनपद झांसी के गरौठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सगौली में एमएलसी विधायक निधि (राज्यांश) से स्वीकृत 01 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का भूमि-पूजन एवं शिलान्यास किया गया।यह सड़क प्रताप नायक के खेत से हरदुआ रोड तक बनाई जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम में एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने विधिवत पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर बामौर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार, सदस्य विधान परिषद एवं गरौठा विधानसभा प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र पटेल भड़ोकर, अवध किशोर रिछारिया, मण्डल अध्यक्ष बामौर पुष्पेन्द्र दुबे सहित प्रधान सरसेड़ा राजेश पटेल, प्रधान हरदुआ धर्मेन्द्र, प्रधान चुनार भगवती शरण कौशिक, प्रधान लभेरा मुलायम सिंह, प्रधान गेंदा कबूला कुलदीप यादव, प्रधान बामौर संजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष युवा सुशांत घोष, प्रधान नागर अनुज द्विवेदी, पूर्व प्रधान विलाटी खेत मनीष राजपूत, पूर्व प्रधान ज्ञानसिंह, नन्ना महाराज विलाटी खेत, नातीराजा यादव गोरा, पूर्व प्रधान सगौली जवाहर लाल, मुहर सिंह पटेल हरदुआ, उत्तम पटेल गुरसरांय सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एबीवीपी बहराइच की नवीन नगर कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन

**डॉ. अमृता मिश्रा नगर अध्यक्ष व हर्षित जायसवाल बने नगर मंत्री**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बहराइच नगर इकाई का शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए पुनर्गठन किया गया। स्थानीय स्तर पर आयोजित संगठनात्मक बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. अमृता मिश्रा को नगर अध्यक्ष और हर्षित जायसवाल को नगर मंत्री नवनिर्वाचित किया गया। ?नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित डॉ. किशुन वीर ने सभी पदाधिकारियों की सहमति से निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक तरीके से नवीन नगर इकाई कार्यकारिणी की घोषणा की। ?इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसमें मुख्य रूप से अभाविप के प्रांत खेलो भारत संयोजक नित्या पाठक, विभाग संगठन मंत्री अंकुल राठौर, जिला संयोजक देवाशीष एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी और संगठन के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दिलाया। देवाशीष ने कहा, ₹हमारी नवनिर्वाचित नगर कार्यकारिणी बहराइच के द्वारा हर कॉलेज और शैक्षिक संस्थानों में छात्रों की समस्याओं (जैसे प्रवेश परीक्षक शुल्क परिणाम को लेकर मुखर होकर काम करेगी। छात्रों के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# रुपईडीहाः पेट्रोल चुराते युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। थाना रूपईडीहा पुलिस ने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल से पेट्रोल चोरी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया लगभग दो लीटर पेट्रोल भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुंप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना रूपईडीहा पुलिस को यह सफलता मिली। थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा बाबागंज निवासी मनीष त्रिपाठी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर




के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल से एक युवक बोतल में पेट्रोल निकालकर चोरी कर ले गया।शिकायत के आधार पर थाना रूपईडीहा में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी चांद बाबू पुत्र लल्लन निवासी सुजौली, थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच (उम्र लगभग 20 वर्ष) को बाबागंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक बोतल में रखा लगभग दो लीटर चोरी का पेट्रोल बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह रावत, उपनिरीक्षक शिवेश कुमार शुक्ला, मुख्य आरक्षी अर्जुन प्रसाद मौर्य तथा आरक्षी सुनील यादव शामिल रहे।

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कंशमीरीपुर में गृह कलह से आहत होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया तथा मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार विगत रात्रि शनिवार प्रातः रविवार को ग्रामीण 20 वर्षीय महिला रानी पत्नी राहुल ने आपसी झगड़े को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया तथा मायके पक्ष को सूचना दे दी सूचना मिलने ही मायका पक्ष आनन-फानन मौके पर पहुंचा तथा महिला को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात तत्काल फतेहपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया वहीं मेडिकल कॉलेज में भी हालात में चिकित्सकों को सुधार नहीं दिखा तथा चिकित्सकों ने उपचार करते हुए कानपुर के लिए रेफर किया परंतु वहां भी निराशा हाथ लगी उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार जोनिहा कस्बे में जन्मी महिला का विवाह राहुल के साथ लगभग एक वर्ष पहले हुआ था शनिवार को ही राहुल अपनी पत्नी को लेकर मायके से गांव कश्मीरी आया तथा रात में आपस में झगड़ा हुआ जिसके चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने महिला के शव को शव विच्छेदन गृह फतेहपुर भेजो

# काली माता मंदिर पर शिवशक्ति महायज्ञ का पूणार्हुति के साथ समापन

**भक्त सुदामा की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोतागण**

अमन लेखनी समाचार



ककरबई-झांसी। रविवार को काली माता मंदिर प्रांगण में चल रहे शिवशक्ति महायज्ञ का पूणार्हुति के साथ समापन हो गया।सुबह यज्ञाचार्य हरेन्द्र गौतम ने मुख्य यजमान दीपक गौतम सहित अन्य यजमानों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पूणार्हुति कराई। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य रामशरण तिवारी ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता निःस्वार्थ होती है।उन्होंने बताया कि बिना मांगे भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा को समृद्धि प्रदान की। अंत में परीक्षित सुशीला नारायण दास द्वारा महापुराण का पूजन कर समापन किया गया। समिति ने बताया कि सोमवार को महायज्ञ के समापन पर विशाल भंडारे के साथ एक कन्या विवाह भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीप्रकाश द्विवेदी, उमाशंकर सोनी, राजू गौतम, विनीत गौतम, लक्ष्मण प्रजापति, ओमप्रकाश सक्सेना हरेंद्र शास्त्री,वीरेन्द्र कुमार यादव वीरू नाटा, सियाराम यादव, पुष्पाल पाल, प्रीतम यादव, रिंकू गुप्ता,जानकी शरण गौतम, देवकी प्रजापति अमर सिंह हरीराम प्रहलाद, लक्ष्मण प्रजापति पुजारी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोतागणों ने उपस्थित रहे।

# सुथार ने दी भारत को मजबूत पकड़

## अफगानिस्तान की टीम 113 रन पर पांच विकेट गंवाकर कर रही संघर्ष

एजेंसी



मुल्लांपुर। भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित करने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक अफगानिस्तान के 113 रन तक पांच विकेट झटक लिये। पदार्पण कर रहे मानव सुथार (21 रन देकर तीन विकेट) ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार शुरुआत करते हुए अपना पहला विकेट हासिल किया। उन्होंने चाय के विश्राम से ठीक पहले अब्दुल मलिक (16) को आउट किया। सुथार ने रहमानुल्लाह गुरबाज (12) और अफसर जजई (तीन) को भी पवेलियन भेजा। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा (27 रन देकर दो विकेट) दूसरे सफल गेंदबाज रहे। दिन का खेल समाप्त होने तक रहमत शाह 43 रन बनाकर नाबाद थे।

जजई के आउट होने के साथ ही दिन के खेल के समापन की घोषणा कर दी गई। अफगानिस्तान ने 39.5 ओवर में पांच विकेट पर 113 रन बनाए हैं। अफगानिस्तान की टीम अभी भारत के पहली पारी के स्कोर से 451 रन पीछे है और उसके पांच विकेट शेष हैं। पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार की कलात्मक गेंदबाजी ने भारतीय क्रिकेट को उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखाई और उनके तीन विकेटों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी तरह दबदबा कायम कर लिया। भीषण गर्मी के बीच भारत ने वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) के संयमित अर्धशतक और सुथार के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रन की उपयोगी साझेदारी के बाद अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित कर दी। दिन का खेल समाप्त होने तक अफगानिस्तान की टीम 113 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। सुथार ने 15.5 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने सात ओवर में 27 रन देकर दो विकेट झटके। पहली पारी में 41 गेंदों पर 28 रन की उपयोगी पारी खेलने के बाद सुथार ने गेंदबाजी में भी प्रभाव छोड़ा। चाय से पहले आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाए गए सुथार ने अब्दुल मलिक (16) को आउट कर अपना पहला टेस्ट विकेट हासिल किया। मलिक शुरुआती तीन गेंदों पर असहज दिखे और चौथी गेंद पर स्वीप खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। राजस्थान के श्रीगंगानगर के 23 वर्षीय सुथार की पारंपरिक शैली और कलात्मक रन-अप देखने लायक था। ऐसे दौर में जब टी20 क्रिकेट के प्रभाव से स्पिन गेंदबाजी विकेट चटकाने की जगह रन रोकने का हथियार बनती जा रही है, सुथार ने फ्लाइट और टर्न जैसे बुनियादी गुणों के दम पर अलग छाप छोड़ी। सुथार की फ्लाइटेड गेंद को हवा में अतिरिक्त समय मिलने के कारण बल्लेबाजों को लगातार परेशान कर रही थी।

उनकी सबसे बड़ी विशेषता लगातार एक जैसी लाइन और लेंथ बनाए रखते हुए टर्न और उछाल में विविधता लाने की रही। टेलीविजन पर दिखाई गई पिच मैप से स्पष्ट था कि वह एक ही स्थान पर गेंद डालकर अलग-अलग प्रभाव पैदा कर रहे थे। कुछ गेंदें ज्यादा टर्न ले रही थीं, कुछ अतिरिक्त उछाल के साथ सीधी निकल रही थीं, जबकि कुछ पारंपरिक आर्म बॉल के रूप में अंदर आती दिखीं। अब्दुल मलिक का विकेट ऐसी ही गेंद पर मिला, जो सीधी रही और अतिरिक्त उछाल के कारण उनका स्वीप शॉट गलत साबित हुआ।

कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (12) को भी उन्होंने चतुराई से फंसाया। पहले कुछ सीधी गेंदें डालकर उन्हें आगे आने से रोका और फिर उसी स्थान से दायें हाथ के बल्लेबाज के लिए बाहर निकलती हुई गेंद लेकर बल्ले का किनारा लेती हुई दूसरी स्लिप में खड़े साई सुदर्शन के हाथों में चली गई। उनका तीसरा विकेट अफसर जजई (तीन) के रूप में मिला। पिच पर टप्पा खाने के बाद गेंद की गति थोड़ी धीमी हो गयी और सुथार ने आसानी से कैच लपक लिया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी सुथार पर पूरा भरोसा जताया और उन्हें एक छोर से लगातार 13 ओवर गेंदबाजी कराई, जबकि दूसरे छोर से मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव का उपयोग करते रहे। सुथार की यह प्रभावशाली शुरुआत अगर बेहतर भविष्य का संकेत है, तो भारतीय चयनकर्ताओं को लाल गेंद क्रिकेट में रविंद्र जडेजा के बाद के दौर को लेकर ज्यादा चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इससे पहले ऋषभ पंत ने 121 गेंदों पर 81 रन की आकर्षक पारी खेलकर आलोचकों को जवाब दिया जबकि अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ने 140 रन देकर छह विकेट चटकाए। कम दर्शकों की मौजूदगी में पंत ने अपने आक्रामक अंदाज और संयम का बेहतरीन मिश्रण पेश किया। उन्होंने 121 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। पंत शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन ऑफ स्पिनर हशमतुल्लाह शाहिदी ने अचानक अपनी गेंद की गति काफी धीमी कर दी।

पंत ने उसे आगे बढ़कर खेलना चाहा लेकिन उनका शॉट हवा में लहरा गया और वह कैच आउट हो गए। अफगानिस्तान की ओर से आईपीएल स्टार अजमतुल्लाह ओमरजई बदकिस्मत नजर आए। दूसरी नयी गेंद से उन्होंने प्रभावशाली गेंदबाजी की और कई बार बल्लेबाजों को परेशान किया, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी भारतीय बल्लेबाजों को जीवनदान मिला। गेंद पंत के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में गई, लेकिन विकेटकीपर और क्षेत्ररक्षकों ने अपील नहीं की। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल को मैच के पहले दिन इसी तरह का जीवनदान मिला था। भारत ने सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 368 रन से आगे बढ़ाई और पहले सत्र में 25 ओवर में 107 रन जोड़े। इस दौरान उसने कप्तान शुभमन गिल (177 गेंदों पर 126 रन), ध्रुव जुरेल (20 गेंदों पर 19 रन) और पंत के विकेट गंवाए। मैच के पहले दिन केएल राहुल ने 100 और साई सुदर्शन ने 81 रन बनाए थे। गिल सुबह के सत्र में आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। सलीम की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में समां गई।

# भारत बना साउथ एशियन फुटबॉल चैंपियन




मडगांव (गोवा)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने 7 साल बाद साउथ एशियन फुटबॉल चैंपियनशिप जीत ली है। उसने शनिवार रात फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हराया। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार यह टूर्नामेंट जीता है। गोवा के मडगांव स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में

**महिला टीम ने फाइनल में बांग्लादेश को 3-1 से हराया, रिकॉर्ड छठा टाइटल जीता**

भारत के लिए प्यारी जाख्सा, सनफिदा नोंगरुम और लिंडा कोम सेर्तो ने एक-एक गोल किया। बांग्लादेश के लिए रितु पोर्ना ने इकलौता गोल किया। भारत की ओर से प्यारी जाख्सा ने 42वें मिनट में पहला गोल किया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में रितु पोर्ना चकमा ने गोल कर बांग्लादेश को बराबरी दिला दी।

दूसरे हाफ की शुरूआत में सनफिदा नोंगरुम ने शानदार हेडर लगाकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। 82वें मिनट में लिंडा कोम सेर्तो ने बांग्लादेशी डिफेंस की गलती का फायदा उठाकर तीसरा गोल दागा और भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। मेजबान भारत पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। टीम ने सभी चार मुकाबले जीते, 18 गोल किए और केवल एक गोल खाया। मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश की लगातार तीसरी बार खिताब जीतने की उम्मीद भी टूट गई।

फाइनल के बाद भारतीय खेमे में जश्न का माहौल रहा। अनुभवी खिलाड़ी डांगमेई ग्रेस ने इसी मैच के बाद इंटरनेशनल फुटबॉल को अलविदा कह दिया। उन्होंने 2013 में भारत के लिए डेब्यू किया था और 95 इंटरनेशनल मैच खेलने के बाद अपने करियर का अंत एक और एसएएफएफ खिताब के साथ किया। टूनार्मेंट के अवॉड्र्स में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा। अवेका सिंह चार गोल के साथ शीर्ष स्कोरर रहीं।

## भारत विश्व योगासन चैंपियनशिप में 40 स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष पर

अहमदाबाद। गुजरात की हीना राजगोर ने रविवार को यहां पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारत को स्वर्ण पदक दिलाया जिससे मेजबान टीम ने तालिका में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। भारत 40 स्वर्ण, आठ रजत और दो कांस्य सहित 50 पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। जापान ने दो स्वर्ण सहित तीन पदक जीतकर अपने पदकों की कुल संख्या 10 कर ली जिससे देश तालिका में दूसरे स्थान पर है। सिंगापुर दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। गुजरात के भुज की रहने वाली राजगोर ने सीनियर बी महिला वर्ग में फॉरवर्ड बेंड स्पर्धा में 43.50 अंक से स्वर्ण पदक जीता। ओमान की प्रीति जैमानी ने रजत पदक जबकि रूस की स्वेतलाना लुकाशोवा और जॉर्डन की माया अल अलोस्ताथ ने कांस्य पदक साझा किया। भारतीयों ने उम्मीद के मुताबिक स्वर्ण पदक की रेस में दबदबा बनाया। वहीं जापान ने दो स्वर्ण जीते जबकि रूस और उज्बेकिस्तान ने एक-एक स्वर्ण जीता।

## मोदी ने महिला फुटबॉल टीम को सैफ चैंपियनशिप जीतने पर बधाई दी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर बधाई देते हुए रविवार को कहा कि इससे आने वाले समय में अधिक युवाओं को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। भारत ने शनिवार को गोवा में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश पर 3-। से शानदार जीत दर्ज करते हुए कुल छठी बार और सात साल में पहली बार सैफ महिला चैंपियनशिप जीती। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय महिला फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैंपियनशिप जीतने पर हार्दिक बधाई। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। इससे आने वाले समय में और अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

## संक्षेप

### तिलक व सिराज की टीजी20 की नीलामी में बड़ी बोली लगी

हैदराबाद। भारत के टी20 उप कप्तान तिलक वर्मा को रविवार को यहां टीजी20 लीग की पहली खिलाड़ियों की नीलामी में मेडक फाल्कन्स ने 33 लाख रुपये की सबसे बड़ी बोली में खरीदा। तिलक को शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम का उप कप्तान बनाया गया जिसकी कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। तिलक के भारतीय टीम के साथी मोहम्मद सिराज वारंगल वॉरियर्स में शामिल हो गए। वॉरियर्स ने इस तेज गेंदबाज को 14 लाख रुपये में खरीदा। तिलक और सिराज दोनों आइकन खिलाड़ी हैं। इनके अलावा ए प्लस और ए वर्ग भी हैं। ऑलराउंडर सीवी मिलिंद सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बने जिन्हें अन्विता खम्मम एसेस ने 17 लाख रुपये में खरीदा। पहली टीजी20 लीग 21 जून से शुरू होगी जिसमें आठ फ्रेंचाइजी 21 दिनों में 32 मैच खेलेंगी।

### मानव के पास जितना कौशल है, उसे खेलते हुए देखना मजेदार है : सुंदर

मुल्लांपुर। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का मानना है कि पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के पास कमाल का कौशल है और आने वाले दिनों में उन्हें खेलते हुए देखना मजेदार होगा। अफ़गानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में रविवार को दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों में सुथार का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा और उन्होंने पांच में से तीन विकेट झटके। सुथार के प्रदर्शन पर पूछने पर ऑफ-स्पिनर वाशिंगटन ने उनकी खूब तारीफ़ की। भारत की पहली पारी में नाबाद अर्धशतक जड़ने वाले वाशिंगटन ने कहा, वह (सुथार) शानदार रहा। हम खिलाड़ी के तौर पर पिछले कुछ साल से उसके साथ खेल रहे हैं और जानते हैं कि वह असल में क्या कर सकता है, विशेषकर इस प्रारूप में। उन्होंने कहा, उसके पास जितना कौशल है और जिस तरह से उसने इतने साल में उन पर काम किया है, उसे देखना सच में बहुत अच्छा लगता है। उसका अपने सर्वश्रेष्ठ कौशल से खेलना, खासकर दूसरे दिन, कमाल का है। लम्बे कद के इस ऑफ-स्पिनर ने कहा, उसे बधाई। आप उससे और भी बहुत कुछ उम्मीद कर सकते हैं, विशेषकर भारत के लिए बहुत सारे मैच जीतने के मामले में। फिर वॉशिंगटन ने सुथार की खूबियों और टीम इंडिया के लिए उसे क्या चीज अहम बनाती है, इस बारे में बताया, एक असली स्पिनर के तौर पर उसके पास शानदार कौशल है।

# कार्लसन से ज्यादा खतरनाक हैं प्रज्ञानानंदा : प्रवीण थिप्से

नयी दिल्ली। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का मानना है कि प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय आर प्रज्ञाननंदा दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से भी ज्यादा खतरनाक खिलाड़ी हैं। थिप्से ने उन्हें वर्तमान में भारत का सबसे मजबूत खिलाड़ी बताया और कहा कि वह मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी से आगे हैं।

उन्होंने पीटीआई से कहा, प्रज्ञाननंदा इस समय सर्वश्रेष्ठ भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक प्रतिद्वंद्वियों में से एक माना जा सकता है। यहां तक कि मैं उन्हें कार्लसन से भी अधिक खतरनाक खिलाड़ी मानता हूं। थिप्से ने प्रज्ञाननंदा की नॉर्वे शतरंज में मिली जीत को हाल के वर्षों में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा हासिल की गई सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में से एक बताया। उन्होंने कहा, प्रज्ञाननंदा ने क्या शानदार हो वापसी की है। पिछले साल वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन अब उन्होंने सच में असाधारण प्रदर्शन किया है। भारतीय शतरंज को इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत थी। थिप्से ने कहा, कुछ साल पहले तक वह अधिक आक्रामक होकर खेलते थे लेकिन अब उन्होंने विरोधी खिलाड़ी की चालों को कुंद करना सीख लिया है। वहीं दूसरी ओर वहीं दूसरी ओर भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा की नॉर्वे शतरंज 2026 में ऐतिहासिक जीत के बाद उनकी मां नागलक्ष्मी ने रविवार को कहा कि कड़ी मेहनत, दृढ़ता और प्रक्रिया का आनंद लेना उनके बेटे की सफलता की कुंजी है।

प्रज्ञानानंदा ने अपनी इस जीत से खुद को शतरंज के दिग्गज खिलाड़ियों में शामिल कर लिया। प्रवीण थिप्से ने उन्हें वर्तमान में भारत का सबसे बेहतर खिलाड़ी करार दिया। नागलक्ष्मी ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने के लिए जो प्रयास किए गए परिणामों पर अत्यधिक ध्यान देने से उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, अगर कोई प्रक्रिया का आनंद लेता है और असफलताओं के बावजूद कड़ी मेहनत करना जारी रखता है तो उसे आखिर में सफलता जरूर मिलती है।

# विश्व साइकिल दिवस : क्रीड़ा भारती एवं साइकिलिंग एसोसिएशन ने निकाली रैली

खेल संवाददाता



लखनऊ। साइकिलिंग के माध्यम से स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने व जागरूक करने के उद्देश्य से राजधानी के साइकिलिस्टों ने विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को आयोजित साइकिल रैली में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आयोजित इस रैली को पैदलयात्री साइक्लिंग एसोसिएशन, लखनऊ साइक्लिंग एसोसिएशन, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) तथा एकाग्रता इंटरनेशनल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। रैली का शुभारंभ बाराबंकी के एमएलसी अंगद सिंह और लखनऊ के एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद 100 से अधिक साइकिलिस्ट पुराना हाईकोर्ट, रेजीडेंसी, कमिश्नर कार्यालय, रूमी दरवाजा, घंटाघर, डालीगंज पक्का पुल, शहीद स्मारक और हनुमान धाम होते हुए पुनः केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंचे और स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**100 से अधिक साइकिलिस्टों ने दिया फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

इस दौरान पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का जोश और उत्साह देखने लायक रहा। रैली में युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, खेल प्रेमियों तथा विभिन्न सामाजिक एवं खेल संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को नियमित साइकिलिंग के लाभों से अवगत कराना।

# हिमांशु, दीक्षा, सूरज ने टी4 राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में दर्ज की जीत

देहरादून। हरियाणा के हिमांशु ढिल्लों ने टी4 राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में रविवार को यहां पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल के बेहद रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने को अंतिम निशाने पर पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

फाइनल के 24वें और आखिरी निशाने से पहले हिमांशु अपने प्रतिद्वंद्वी से 0.2 अंक पीछे थे। उन्होंने इसके बाद 10.6 अंक वाला निशाना लगाया जबकि पार्थ ने 10.3 अंक बनाए। इस तरह बेहद करीबी अंतर से हिमांशु ने जीत अपने नाम की।हिमांशु ने कुल 252.2 अंक हासिल किए। इस स्पर्धा का कांस्य दिल्ली के पार्थ मखीजा ने जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की दीक्षा वैश्य ने शानदार शुरुआत करते हुए पांच निशाने की दूसरी सीरीज में बढ़त हासिल की और दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। उन्होंने मजबूत चुनौती का सामना करते हुए आशी चौकसे को 1.2 अंकों से पीछे छोड़ दिया और 252.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। रेलवे की सोनम उत्तम मस्कर ने कांस्य पदक हासिल किया।

मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने दिन के तीसरे फाइनल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) स्पर्धा में 29 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। उत्तराखंड के अंकुर गोयल 27 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि भावेश शेखावत 25 निशाने के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने महिला फुटबॉल टीम को सैफ चैम्पियनशिप जीतने पर बधाई दी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भारतीय महिला फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैम्पियनशिप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि टीम की यह उल्लेखनीय उपलब्धि देशभर की युवा लड़कियों को आत्मविश्वास और साहस के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। भारत ने शनिवार को गोवा में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश को 3-1 से हराकर सैफ महिला चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 115 रन से हराया

एजेंसी



लंदन। इंग्लैंड ने रविवार को लॉर्ड्स में पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन लंच से पहले न्यूजीलैंड पर 115 रन से जीत हासिल की जो ऑस्ट्रेलिया में एशेज में मिली निराशाजनक हार के बाद टीम के लिए नयी और सकारात्मक शुरुआत है। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 55 रन से खेलना शुरू किया और उसे जीत के लिए 254 रन चाहिए थे। न्यूजीलैंड ने खेल के पहले दो घंटे के अंदर अपने बाकी पांच विकेट गंवा दिए और पूरी टीम 138 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर पांच विकेट झटके।

गेंदबाजों की मुफीद पिच पर 24 बल्लेबाज बोल्ड हुए या पगबाधा आउट हुए। स्पिनरों को मैच में एक भी गेंद नहीं मिली। ग्लेन फिलिप्स न्यूजीलैंड के शीर्ष स्कोरर रहे जिन्होंने नाबाद 44 रन बनाए। इंग्लैंड ने पहली पारी में 140 और दूसरी पारी में 226 रन बनाए। न्यूजीलैंड की पहली पारी 113 रन पर सिमट गई। एशेज दौरे पर ऑस्ट्रेलिया से 1-4 से मिली हार के बाद गर्मियों की इस पहली टेस्ट सीरीज को इंग्लैंड के लिए एक नयी शुरुआत माना जा रहा है। कप्तान बेन स्टोक्स की टीम के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले सलामी बल्लेबाज एमिलियो गे दोनों टीमों में 57 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले खिलाड़ी रहे। वहीं 2024 के बाद पहली बार टीम में शामिल हुए ओली रोबिन्सन ने मैच में सात विकेट (39 रन देकर पांच विकेट और 38 रन देकर दो विकेट) चटकाए।

तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 17 जून से लंदन के द ओवल में शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि अफगानिस्तान के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के लिए खब्बू स्पिनर मानव सुथार की शानदार और सटीक गेंदबाजी ने उन्हें भविष्य में भारत की टेस्ट टीम में स्थायी जगह बनाने का मजबूत दावेदार बना दिया है। सुथार के हरफनमौला प्रदर्शन ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने बल्ले से 28 रन की उपयोगी पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अफगानिस्तान की टीम दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 113 रन बनाकर मुश्किल स्थिति में थी। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी।

गावस्कर ने जियोहॉटस्टार से कहा, सिर्फ उनकी गेंदबाजी ही नहीं, बल्कि बल्लेबाजी के दौरान भी वह आत्मविश्वास से भरपूर नजर आए। उन्होंने अपने कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल किया और क्रीज पर कभी दबाव में नहीं दिखे।

## आईजीयू ने जापान में होने वाले एशियाड के लिए चुनी छह सदस्यीय टीम

नयी दिल्ली। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने इस साल के आखिर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए रविवार को छह सदस्यीय गोल्फ टीम का चयन किया जिसमें युवराज संधू और अदिति अशोक भी शामिल हैं। एलपीजीए टूर की नियमित गोल्फर अदिति ने चीन के हांग्झोऊ में 2022 एशियाई खेलों में व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। भारतीय गोल्फ संघ द्वारा चुनी गई टीम में संधू (विश्व नंबर 451), वीर अहलावत (विश्व नंबर 558) और सप्तक तलवार (विश्व नंबर 576) तीन पुरुष सदस्य हैं जबकि अदिति (विश्व नंबर 135), दीक्षा डागर (विश्व नंबर 221) और प्रणवी उर्स (विश्व नंबर 270) तीन महिला खिलाड़ी हैं। पुरुष और महिला दोनों के लिए गोल्फ स्पर्धा 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक कसुगई कंट्री क्लब ईस्ट कोर्स में होंगे। ब्रजिंदर सिंह की अगुआई वाली आईजीयू ने कहा कि प्रविष्टियां एशियाई खेलों के लिए उसकी चयन नीति के हिसाब से तय की गई थीं। सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, हमारे पास एक बहुत प्रतिभाशाली और कुशल टीम है जिसमें युवराज संधू जैसे खिलाड़ी हैं।

# कप्तानी के लिए व्यक्तित्व बदलने की जरूरत नहीं : अय्यर

एजेंसी

मुंबई। भारतीय टी20 टीम के नये कप्तान श्रेयस अय्यर ने रविवार को कहा कि उन्हें बचपन से ही चुनौतियों का सामना करना पसंद रहा है और राष्ट्रीय टीम की कप्तानी मिलने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें अपना व्यक्तित्व बदलना होगा। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को शनिवार को भारतीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने सूर्यकुमार यादव की जगह ली है, जिनकी अगुआई में भारत ने मार्च में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। सुर्यकुमार को टीम में भी जगह नहीं मिली है। अय्यर ने कहा कि वह वही व्यक्ति बने रहना चाहते हैं, जिसने मुंबई के बेहद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट माहौल में खेलते हुए अपनी पहचान बनाई। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा मुझे अपना व्यक्तित्व बदलने की जरूरत नहीं है। मुझे वही इंसान बने रहना है जो मैं पहले था। मैं किसी और जैसा बनने या किसी की सरपरस्ती में रहने की कोशिश नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि मुंबई जैसे क्रिकेट-प्रेमी शहर में बड़े होने के कारण चुनौतियां उनके जीवन का हिस्सा रही हैं। अय्यर ने कहा, मुझे हमेशा चुनौतियां पसंद रही हैं।



मुंबई में क्रिकेट का स्तर बहुत ऊंचा है और प्रतिस्पर्धा भी बेहद कड़ी होती है। वहां हर दूसरा बच्चा मुंबई का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखता है। अय्यर ने कहा कि उनकी सोच हमेशा जीत हासिल करने की रही है। उन्होंने कहा मेरा नजरिया हमेशा अपने सामने मौजूद हर चुनौती को जीतने का रहा है। सीखना और जीतना अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन खेल का आनंद लेना और प्रतिस्पर्धी भावना विकसित करना आपको एक अलग स्तर पर पहुंचा देता है। उन्होंने कहा, जब आपको ऐसी जिम्मेदारी मिलती है तो आप उसे स्वीकार करना चाहते हैं। फिलहाल कप्तान के रूप में मिली यह भूमिका मेरे लिए बड़ी चुनौती है। इस बीच, भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि अय्यर ने राष्ट्रीय टीम की कप्तानी का अवसर अपने प्रदर्शन के दम पर अर्जित किया है।

आयरलैंड दौरे पर दो टी20 मैचों की श्रृंखला में अय्यर पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। उन्होंने दिसंबर 2023 में अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था, जिसके बाद वह टीम से बाहर हो गए थे। गांगुली ने कहा, श्रेयस ने अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्होंने यह जिम्मेदारी अपने प्रदर्शन के दम पर हासिल की है। मैं यह नहीं कहूंगा कि सूर्यकुमार यादव को हटाना अनुचित है। चयनकर्ताओं ने अपना फैसला लिया है। वहीं दूसरी ओर बिहार के 15 वर्षीय प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 टीम में चयन पर उनके परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत अब रंग ला रही है। सूर्यवंशी को शनिवार को भारतीय टीम में चुना गया। वह 15 साल और 71 दिन की उम्र में भारतीय टीम में स्थान बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। अगर उन्हें खेलने का मौका मिलता है तो वह भारत की तरफ से सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का सचिन तेंदुलकर रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# अभाविप ओबरा तहसील का 01 दिवसीय तहसील अभ्यास वर्ग सम्पन्न, प्रशिक्षण ही वर्षभर के कार्य का आधार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शैक्षणिक पुनर्रचना व व्यक्ति निर्माण के माध्यम से अपने लक्ष्य राष्ट्रीय पुननिर्माण की ओर आगे बढ़ रहे हैं। अपने कार्य प्रभावी व परिणामकारी बना सकें, इस उद्देश्य को लेकर समय-समय पर विभिन्न स्तर पर बैठक एवं प्रवास, अभ्यास वर्ग की व्यवस्था विकसित हुयी है। इसी क्रम में अभाविप सोनभद्र जिला के ओबरा तहसील का तहसील अभ्यास वर्ग दिनांक 0 6 मई 2025 को बी एम एस कार्यालय सभागार ओबरा सोनभद्र में सम्पन्न हुआ। इस तहसील अभ्यास वर्ग में चार नगरों के 18 शैक्षिक संस्थानों के इकाई के 100 विद्यार्थी कार्यकताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं अभाविप के रचनात्मक, संगठनात्मक एवं कार्यक्रमात्मक जानकारी से रुबरु हुए। जिला में वर्ष भर कार्य करने की पूर्ण कार्य पद्धति एवं भूमिका बनाई गई। अभ्यास वर्ग में कुल 05 सत्रों का आयोजन हुआ जिनमें सैद्धांतिक भूमिका, कार्यपद्धति, संपर्क संवाद प्रवास, परिसर कार्य, आयाम कार्य एवं गतिविधि, विमर्श निर्माण एवं अंत में समारोप सत्र का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रत्येक विषयों पर उद्बोधन एवं प्रमुख जानकारी प्राप्त की। मुख्य वक्ता के रूप में विवेक जी विभाग संगठन मंत्री, एवं प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनमोहन निषाद जी रहें। जिला संयोजक ललितेश मिश्र, तहसील संयोजक राजबली साहनी, अभ्यास वर्ग में विशेष रूप से विभाग संयोजक सौरभ सिंह पंकज की उपस्थिति रही.. इस दौरान अनमोल सोनी मृगांक दुबे राहुल जलान आसुतोष अनमोल सेठ अनिकेत राय सुजीत शिवम् आग्रहरी शिवम् सिन्हा विश्वजीत अभय प्रताप सिंह निल प्रताप उपस्थित रहें।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र)।स्थानीय थाना क्षेत्र के चेतवा जंगल में शनिवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान प्रवेश कुमार (18) पुत्र गुलाब चंद, निवासी नेमना के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, प्रवेश कुमार शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे फॉर्म भरने की बात कहकर घर से निकला था। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह ड्यूटी पर जा रहे एक राहगीर ने सूचना दी कि चेतवा जंगल में चिलबिल के पेड़ से एक युवक का शव रस्सी के सहारे लटका हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान प्रवेश कुमार के रूप में की। बताया गया कि वह जरहां स्थित महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष का छात्र था। सूचना पर बीजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक की मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सेवा, सुशासन, धर्म और राष्ट्र निर्माण का प्रेरक आदर्श : केशव प्रसाद मौर्य

**काशी विश्वनाथ सहित देशभर के मंदिरों के पुनरुद्धार से लोकमाता ने सांस्कृतिक चेतना को किया जागृत**



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फिरोजाबाद में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान विभूति थीं, जिन्होंने अपने अद्वितीय साहस, दूरदर्शिता, लोककल्याणकारी दृष्टिकोण तथा सुशासन से राष्ट्र निर्माण की अमिट गाथा लिखी। उनका जीवन सेवा, धर्म, संस्कृति और जनकल्याण के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा था, तब लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने न केवल कुशल प्रशासन का परिचय दिया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण एवं पुनरुत्थान का भी महान कार्य किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर सहित देश के अनेक प्राचीन मंदिरों, तीर्थस्थलों, घाटों और धर्मशालाओं का पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया। काशी में उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक जनोपयोगी कार्य कराए, जिससे सनातन संस्कृति और आस्था को नई ऊर्जा प्राप्त हुई। श्री मौर्य ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का साहसिक जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विपरीत परिस्थितियों में पति और पुत्र के निधन के बाद भी उन्होंने अदम्य धैर्य, दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए मालवा राज्य को विकास, समृद्धि और सुशासन की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, न्यायप्रिय शासन और जनसेवा की ऐसी मिसाल प्रस्तुत की, जिसकी चर्चा आज भी पूरे देश में आदरपूर्वक की जाती है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पुनर्स्थापन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श ह्यविरासत और विकासह्ल की इसी भावना को मजबूत करते हैं। उनका जीवन हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा का संकल्प पहुंचाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने क्षेत्रीय विधायक प्रेम पाल सिंह धनगर को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं जनसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने पत्रकार बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता कर विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, विधायक प्रेम पाल सिंह धनगर, विधायक मनीष असीजा, भाजपा प्रदेश मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**खास समाचार**

## ओबरा पुलिस द्वारा दहेज उत्पीड़न एवं पत्नी की संदिग्ध मृत्यु के मामले का किया खुलासा

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना ओबरा के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना ओबरा पुलिस द्वारा दहेज उत्पीड़न एवं पत्नी की संदिग्ध मृत्यु के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 05.06.2026 को थाना ओबरा पर आवेदिका सम्पतिया देवी पत्नी रामलखन निवासी वेलगढ़ी टोला घोड़ाघाट, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि उनकी पुत्री इन्द्रावती का विवाह मार्च 2023 में लाल जी गोंड पुत्र मेरशाह गोंड निवासी पनारी टोला फफराकुंड, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र के साथ हुआ था। विवाह के उपरान्त उनकी पुत्री को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था तथा दिनांक 05.06.2026 को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 125/2026, धारा 80(2), 85 बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में दिनांक 06.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर अरंगी तिराहे से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## चोपन पुलिस द्वारा चोरी की घटना मे 03 स्टार्टर एवं 01 मिनी ट्रांसफार्मर बरामद, 02 अभियुक्ताएं गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना चोपन पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया है। थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 218/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में उ0नि0 घनश्याम तिवारी मय हमराह पुलिस बल क्षेत्र में मामूर थे। दिनांक 06.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोठा टोला से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी किए गए 03 अदद स्टार्टर एवं 01 अदद मिनी ट्रांसफार्मर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई तथा दोनों अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय भेजा गया।पूछताछ मे गिरफ्तार अभियुक्ताओं ने बरामद सामान को चोरी का होना स्वीकार किया। प्रकरण में अन्य आवश्यक वैधानिक एवं विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट/सोनभद्र पर्यावरण दिवस एवं केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ह्र12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण केह्ल अभियान के अन्तर्गत कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय पिपरी सोनभद्र के परिसर में वृक्षारोपण का कार्य सम्पादित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशुतोष दत्त त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में आधुनिक जीवनशैली के कारण बढ़ते कार्बन उत्सर्जन को कम करने की सलाह देते हुए ऑटोमोबाइल कार इत्यादि का कम-से-कम प्रयोग करने, पैदल चलने तथा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने पर बल दिया। भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा ई-ऑफिस के माध्यम से पेपरलेस प्रशासन के पहल की प्रशंसा करते हुए चिकित्सा अधीक्षक ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर बल देते हुए अपने कार्यस्थल तथा देश में हरित वातावरण बनाने हेतु कार्मिकों को प्रेरित किया। आज के कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वच्छता एवं हरित-भारत के निर्माण में सभी कार्मिकों का योगदान देना रहा। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नीम, अमरूद, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया।

# चित्रकूट में नए प्रभारी मंत्री क्या सपा के रथ को रोकने में सफल होंगे: चुनाव 2027

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। जनपद में दो विधानसभा सीट 236, 237 हैं एक में सपा है एक में अपना दल। जनपद चित्रकूट इतना बड़ा जिला नहीं है कि यहां की भाजपा पार्टी की शक्ति बढ़ाने के लिए राज्य प्रभारी मंत्री व प्रभारी मंत्री नियुक्त किए गए। जनपद के प्रभारी राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कई महीनो से जनपद में कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू बांदा चित्रकूट के संसदीय चुनाव में भी जोर लगाया था जिसमें सपा पार्टी ने बाजी मार दी थी। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आदित्यनाथ योगी ने चित्रकूट में भाजपा पार्टी के नए प्रभारी मंत्री को नियुक्त किया है। जनपद चित्रकूट के नए प्रभारी मंत्री कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता औद्योगिक विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार में हैं। जनपद चित्रकूट में समाजवादी पार्टी 80% जोर के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी में है क्योंकि जनपद में भाजपा में आपसी मत भेद बहुत है सत्ता में पदाधिकारी बनने के लिए अपना-अपना सुर अलाप रहे हैं। जनपद चित्रकूट में जातिगत समीकरण पर चुनाव होता है क्योंकि कुछ पटेल दस्यु सम्राट ददुआ के भक्त हैं तो कुछ अपना दल की मुखिया अनुप्रिया पटेल के भक्त हैं। समाजवादी पार्टी की जातिगत एकता लगभग भाजपा व अपना दल पर भारी पड़ती दिख रही है क्योंकि अभी भी यह पार्टी बदमाशी रोब दिखा करके कोल जाति का वोट लेना चाहती है तभी ददुआ के नाम को आगे करके पार्टी काम कर रहे है। जनपद का सामान्य वर्ग कभी एक नहीं रहा है ना रहेगा जनपद का व्यापारी वर्ग व निषाद जाति भाजपा अपना दल में वोट देंगे। खासकर प्रभारी मंत्री को जनपद चित्रकूट के भाजपा में हो रहे भितर घात की लड़ाई को दूर करना होगा मंडल व क्षेत्र के कार्यकताओं को खुश रखना होगा। फिलहाल मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने अपने विकास कार्य व अपने साधारण स्वभाव से मऊ मानिकपुरी जनता का दिल जीत लिया है लेकिन सपा के कारण जातिगत समीकरण पर अभी विजय नहीं पा रहे। नंद गोपाल गुप्ता प्रभारी मंत्री चित्रकूट को अपने लगन व मेहनत से औद्योगिक विकास का जोड़ देकर के चुनाव के मुद्दा को भाजपा पार्टी के पक्ष में लाना होगा। समाजवादी पार्टी विपक्ष की पार्टी है उसके पास भी महंगाई भ्रष्टाचार व असंतुलन के मुद्दे हैं। भाजपा पार्टी केंद्र में 15 साल पूरा करने जा रही है ऐसे में भाजपा पार्टी की उपलब्धियां व देशगत नीति पर भी जनता का मत बदला है क्योंकि कई प्रदेशों में आंधी और हल्की बारिश में कई पुल पानी की टंकी गिर गई। थाना, तहसील, कलेक्ट्रेट व कचहरी में पैसे से न्याय व फाइलों के काम होते हैं। भाजपा पार्टी के आगे बहुत से अधिकारी कर्मचारियों ने समस्या में जनता के लिए पैदा कर रखे हैं अब देखना है कि प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता इन सब चीजों पर मेहनत करके क्या समाजवादी पार्टी का चित्रकूट में रथ ध्वस्त कर सकेंगे।

# सोशल मीडिया पर रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के मामले में जिलाधिकारी ने की तत्काल कार्रवाई, राजस्व निरीक्षक निलंबित

**शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित–जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में जून महीने के प्रथम शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल (आपरेशन) द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जनपद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष दीपक शाह द्वारा जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के समक्ष एक शिकायत प्रस्तुत की गई। शिकायत में अवगत कराया गया कि एक राजस्व निरीक्षक का रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है, तथा संबंधित के विरुद्ध अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। जिलाधिकारी शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल मामले का संज्ञान लिया। प्रथम दृष्टया उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ही राजस्व निरीक्षक अखिलेश कुमार शुक्ला को जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए तथा प्रकरण की विस्तृत जांच के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद में भ्रष्टाचार, अनियमितता एवं कर्तव्यों के प्रति लापरवाही किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन स्थापित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार अथवा अनुचित आचरण की शिकायत प्राप्त होती है और जांच में आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष सामुदायिक स्वस्थ केंद्र दुद्धी में महिला चिकित्सक न होने के शिकायत प्राप्त हुई जिसपर जिलाधिकारी ने तात्कालिक प्रभाव से संज्ञान में लेकर डॉ० पल्लवी सिन्हा, महिला चिकित्साधिकारी सामु0स्वा०केन्द्र, म्योरपुर को सप्ताह में दो दिन के लिए सामु0स्वा०केन्द्र, दुद्धी पर कार्य करने हेतु आदेशित किए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव ने 101 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 01 मामलें निस्तारित किये गये इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 10 मामले निस्तारित हुए, बाकी 91 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार दुद्धी, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पन्नूगंज पुलिस द्वारा 20 किग्रा 430 ग्राम अवैध गांजा के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार

**एक मोटरसाइकिल बरामद, एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्यवाही।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक पन्नूगंज माधव सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना पन्नूगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया गया है। दिनांक 05.06.2026 को थाना पन्नूगंज पुलिस टीम द्वारा कर्मनाशा नदी के पास संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वाहन एवं अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान वाहन संख्या वढ 64 इइ 5578 मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की सीट के बीच रखे हुए कुल 20 किग्रा 430 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों को दिनांक 05.06.2026 को समय 15:17 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0 111/2026 धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत, पत्नी ने पोस्टमार्टम की मांग की

**पुलिस को शराब सेवन की आशंका, रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा**

अमन लेखनी समाचार



कोन/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पीपरखाड़ के शिवदामर टोला निवासी श्याम बिहारी उरांव (45) पुत्र रामसुंदर उरांव की शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया तथा क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। मृतक की पत्नी फूलमती देवी ने कोन थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 5 जून की शाम लगभग छह बजे उनके पति की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। उन्होंने पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराकर मृत्यु के वास्तविक कारणों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला मृतक द्वारा शराब सेवन से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# पेड्डी' विवाद: बुची बाबू सना ने मांगी माफी

**हैदराबाद**। राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' को रिलीज हुए दो दिन हो चुके हैं। इस बीच फिल्म विवादों के घेरे में भी घिर गई है। फिल्म में जान्हवी कपूर के किरदार और कुछ रोमांटिक सीन्स को लेकर जमकर आलोचना हो रही है। ऐसे में फिल्म के डायरेक्टर बुची बाबू सना ने इस विवाद पर सफाई देते हुए माफी मांग ली है। डायरेक्टर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि सिनेमा का काम दर्शकों का मनोरंजन करना, उन्हें प्रेरित करना और उनसे जुड़ना है। इससे किसी को असहज या बेइज्जती महसूस नहीं होनी चाहिए।

## लाइफ Style



# शरवरी

## भाषाएं करती हैं मुझे आकर्षित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चाओं में है। इस फिल्म में उन्हें एक ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा।

शरवरी वाघ ने कहा,'घर में मैं मराठी भाषा बोलती हूं और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था। शरवरी ने कहा, भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश में कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नहीं होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नहीं होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है। शरवरी ने कहा, भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हूं, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हूं। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं। शरवरी ने कहा, अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और साथ ही नई चीजें सीखना, दोनों ही जरूरी हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# अमीर म्यूजिशियन में हुई शुमार

लॉस एंजेलिस। टेलर स्विफ्ट दुनिया की सबसे अमीर म्यूजिशियन की लिस्ट में शुमार हो गई हैं। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिंगर की नेटवर्थ 2 अरब डॉलर से अधिक हो गई है। इसी नेटवर्थ के साथ वह संगीत की दुनिया की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। उन्हें ये कामयाबी उनके म्यूजिक टूर से हुई जबरदस्त कमाई और अपने गानों की ओनरशिप को वापस लेने के लिए उठाए गए उनके समझदारी भरे कदम से मिली है। इन आंकड़ों के साथ टेलर स्विफ्ट को अरबपति का दर्जा मिल गया है।




# जेनिफर ने तोड़ी अफवाहों पर चुप्पी

लॉस एंजेलिस। जेनिफर लोपेज इस वक्त सिंगल हैं। हालांकि, कुछ फैंस ने कयास लगाए हैं कि जेनिफर ने अपनी फिल्म 'ऑफिस रोमांस' के को-स्टार के साथ रियल लाइफ में रोमांस शुरू कर दिया है। हालांकि, इन अफवाहों पर खुद ही चुप्पी तोड़ी है। बता दें कि लोपेज और 45 साल के गोल्डस्टीन इन दिनों नेटफ्लिक्स रोमांटिक कॉमेडी 'ऑफिस रोमांस' में लीड रोल में नजर आ रहे हैं। इसी प्रोजेक्ट को लेकर अपने प्रमोशनल टूर के दौरान कपल की जबरदस्त केमिस्ट्री नजर आई और इसी के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी अटकलें लगने लगीं। लोपेज ने अपनी डेटिंग की अफवाहों पर साफ-साफ बात की। उन्होंने कहा, 'ऐसा कभी नहीं होता कि जब मुझे किसी के साथ देखें य किसी के साथ काम करते हुए देखा जाए तो लोग मुझे उस व्यक्ति के साथ न जोड़ें।



# 'बेबी डू डाई डू' का टीजर रिलीज...

**मुंबई**। हुमा कुरैशी की नई फिल्म 'बेबी डू डाई डू' का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें एक्ट्रेस का अवतार चौंकाने वाला है। फैंस क्रेजी हो गए हैं और वो तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। टीजर की शुरुआत कॉमिक स्टाइल में होती है और यह काफी इंगेजिंग है। हुमा कुरैशी इसमें एक किलर के रोल में नजर आ रही हैं और उनका अंदाज एकदम बेखौफ और धाकड़ है। इसमें हुमा कुरैशी एक हिटवुमन के रोल में हैं। टीजर में दिखाया गया है कि मुंबई में लगातार हत्याएं हो रही हैं, पर कातिल कौन है, इसका किसी को कुछ पता नहीं है। मीडिया से लेकर पुलिस खोजबीन कर रही है, पर कातिल का कहीं कोई सुराग नहीं। फिर पता चलता है कि कातिल एक महिला है, जो बोल-सुन नहीं सकती है और वो हैं हुमा कुरैशी फिल्म को नचिकेत सामंत ने डायरेक्ट किया है।



# बॉबी की फिल्म 'बंदर' पड़ी फीकी...

मुंबई। सिनेमाघरों में जब दो फिल्में एक ही दिन रिलीज हो तो बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तुलना अक्सर की जाती है। इसी तरह 5 जून को रिलीज हुईं दो फिल्में, अनुराग कश्यप की 'बंदर' और डेविड धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है।' दोनों ही फिल्मों की शैली एक दूसरे से बिल्कुल अलग है। इसके बावजूद फिल्मों को उनकी ऑडियंस मिली और फिल्मों को पसंद किया गया। फिल्म की रिलीज के पहले दिन इनकी कमाई का बात करें तो 'बंदर' थोड़ी फीकी पड़ती दिखाई दे रही है। कलेक्शन के मामले में 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म ने बंदर को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड धवन के निर्देशन में बनी 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म 9081 शोज में चली, जिससे फिल्म का पहले दिन का नेट कलेक्शन 7.50 करोड़ रुपए रहा।

## टीवी मसाला

# एकता ने स्मृति पर लुटाया प्यार..

**मुंबई**। अभिनेत्री स्मृति ईरानी और टेलीविजन की महारानी एकता कपूर ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को दो दशकों से अधिक पुरानी अपनी अटूट दोस्ती की झलक दिखाई है। एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर



स्मृति की साझा की गई एक पोस्ट को रीशेयर किया, जिसमें स्मृति ने एकता को उनके नए व्यवसाय के लिए शुभकामनाएं दीं। स्मृति के प्यार के लिए धन्यवाद देते हुए एकता ने कहा कि स्मृति का साथ उनके लिए गर्व की बात है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एकता ने लिखा, मेरी तुलसी, तुम्हारा साथ मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। साथ में उन्होंने दिल वाले इमोजी भी लगाए। स्मृति ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, आप हमेशा से ही चमकती रही हैं, एकता कपूर और आज आपने दूसरों को भी अपनी चमक बिखेरने का मौका दिया... एक और सफलता के लिए बधाई। एकता ने स्मृति को मशहूर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में उनके किरदार के नाम से संबोधित किया। इस शो की बात करें तो इसका निर्माण बालाजी टेलीफिल्म्स ने किया था और इसका प्रीमियर 2000 में हुआ था। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' शो जुलाई 2000 में पहले सीजन के रिलीज होने के 25 साल बाद अगस्त 2025 में इसका दूसरा सीजन शुरू हुआ। स्मृति ईरानी तुलसी का किरदार निभा रही हैं और अमर उपाध्याय एक बार फिर मिहिर की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

# शिल्पा का विवादित पोस्ट, कहा- 'हमेशा बोलने को तैयार, जो उखाड़ना है उखाड़ लो



**मुंबई**। अंगूरी भाभी के किरदार से घर घर में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं। साल 2017 में उन्होंने 'भाभी जी घर पर हैं' के प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न का इल्जाम लगाया था। अब हाल ही में भारती सिंह के पॉडकास्ट पर उन्होंने कबूला कि वो इल्जाम झूठा था। ये बात सामने आते ही कई लोगों के रिएक्शन इस पर देखने मिले। सोशल मीडिया यूजर्स से लेकर एक्ट्रेस हिना खान ने भी शिल्पा शिंदे के खिलाफ अपना रिएक्शन दिया। शिल्पा शिंदे की जमकर ट्रोलिंग शुरु हो गई। ऐसे में शिल्पा ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिस पर लिखा था- 'हमेशा बोलने को तैयार, जो उखाड़ना है उखाड़ लो।' साथ ही बिना किसी का नाम लिए कैप्शन में लिखा- 'जलने वालों जलते रहो अपना खून किसी जरूरतमंद को मत दो, जला जलाकर खत्म कर दो।' शिल्पा शिंदे ने पॉडकास्ट में बताया कि साल 2016 में जब उन्होंने 'भाभी जी घर पर है' शो छोड़ा, तब उनका मेकर्स के साथ कॉन्ट्रेक्ट को लेकर विवाद चल रहा था। अपने पैसे लेने के लिए एक्ट्रेस मजबूर हो गई थीं इसलिए उन्होंने प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न का झूठा इल्जाम लगाया। बाद में उन्होंने मेकर्स के साथ सेटलमेंट कर ली थी। हैरानी की बात ये है कि एक्ट्रेस ने सालों तक इस बात छिपाकर रखा और करीब 9 साल बाद इस बात खुलासा किया।

## दीया : करियर के शिखर पर लिया ब्रेक

**मुंबई**। अभिनेत्री दीया मिर्जा ने हाल ही में अपने जीवन के ऐसे दौर को याद किया, जब वह कॅरियर की ऊंचाइयों पर होने के बावजूद अंदर से खुद को अधूरा महसूस कर रही थीं। दीया ने बताया कि केवल 24 साल की उम्र में उन्होंने दो साल के लिए काम से दूरी बनाने का फैसला किया था। दीया ने कहा, मैंने जीवन का एक बड़ा हिस्सा मॉडलिंग और अभिनय की



दुनिया में बिताया, लेकिन एक समय ऐसा आया, जब मुझे अपने काम और अपने विचारों के बीच अंतर महसूस होने लगा। उन्होंने कहा, यह ब्रेक मेरे लिए सिर्फ काम से दूरी बनाने का समय नहीं था, बल्कि खुद को फिर से समझने और पहचानने की यात्रा थी। यह अपने घर लौटने जैसा अनुभव था। इस समय ने मेरी यह समझने में मदद की कि जीवन में केवल नाम, पैसा और लोकप्रियता ही सबकुछ नहीं है। असली खुशी तब मिलती है, जब इंसान अपने काम, विचारों और उद्देश्य के साथ जुड़ाव महसूस करे।

# कॉकटेल में अपने रोल को लेकर डरी हुई थीं रश्मिका



**मुंबई**। फिल्म पुष्पा की श्रीवल्ली और एनिमल की गीतांजलि जैसी भूमिकाओं से बिल्कुल अलग अभिनेत्री रश्मिका मंदाना आगामी फिल्म कॉकटेल 2 में एक ग्लैमरस और बिंदास लड़की दीया की भूमिका में नजर आएंगी। कॉकटेल में 'दीया' का रोल स्वीकार करने से पहले रश्मिका के मन में भी कई सवाल थे। इस बारे में रश्मिका कहती हैं, मैं बहुत डरी हुई थी, क्योंकि मैंने अब तक जितनी फिल्में की हैं, उनमें से इसमें मेरा लुक अब तक का सबसे ज्यादा ग्लैमरस और बिंदास है। इससे पहले कि मेरी जिस तरह की फिल्में रही हैं, उनको ध्यान में रखकर मैंने सोचा कि दर्शकों को मुझसे कुछ गंभीर या ड्रामेटिक परफार्मेंस की उम्मीद होगी। इसमें मैंने पहली बार ऐसा कुछ हल्का-फुल्का, प्यार, दोस्ती और पागलपन पर आधारित काम किया है। रश्मिका ने कहा, शुरू में मेरे मन में भी यह सवाल था कि क्या इस फिल्म के साथ आगे बढ़ना सही निर्णय होगा।


# थिएटर में चीखने-चिल्लाने की आवाजें, रिकॉर्ड तोड़ रही 'ऑब्सेशन'

*लॉस एंजेलिस। बीते कुछ सालों में रोमांस से भरपूर फिल्मों की बजाय हॉरर फिल्मों ने इंडस्ट्री में अपना दबदबा बना लिया है। हॉरर फिल्मों में भी लोगों को सिर्फ भूत प्रेत की कहानी पसंद नहीं आती बल्कि लोगों को हॉरर फिल्मों में दमदार स्टोरी के साथ ही इमोशनल और मेंटल स्ट्रेस से भरपूर फिल्मों में मजा आता है। हॉरर फिल्मों का क्रेज लोगों के मन में इतना ज्यादा बढ़ गया है कि लोग इसे बेहतर साउंड इफेक्ट्स के साथ थिएटर्स में देखना पसंद करते हैं। तो अगर आपको हॉरर फिल्में देखने का शौक है तो हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया है।*

## सिर्फ 9 करोड़ में बनी फिल्म, कमा डाले 1400 करोड़

### फिल्म की कहानी

यह कहानी बेयर की है, जो एक अकेला और रोमांटिक लड़का है और एक म्यूजिक स्टोर में काम करता है। वह बचपन से ही अपनी दोस्त और साथ काम करने वाली निक्की से चुपके-चुपके प्यार करता है। अपने दिल की बात कहने की एक और नाकाम कोशिश के बाद, बेयर एक क्रिस्टल की दुकान पर जाता है और 'वन विश विलो' नाम की एक अजीब चीज खरीदता है। वह एक विश मांगता है कि निक्की उसे दुनिया में किसी भी और इंसान से ज्यादा प्यार करे। उसकी यह विश काफी खतरनाक तरीके से पूरी होती है। निक्की की फीलिंग्स बेकाबू, जुनून भरी हो जाती है। उसका प्यार घुटन भरा हो जाता है। वह बेयर से दूर नहीं रह पाती। जब बेयर उससे दूर जाता है तो वह घबरा जाती है, और जैसे-जैसे उसका प्यार एक जुनून में बदलता है, वह बेहद डरावना बर्ताव करने लगती है।



**'ऑब्सेशन' की स्टोरी ने उड़ाए होश** : हम बात कर रहे हैं साल 2026 में आई धमाकेदार फिल्म ऑब्सेशन की जिसकी स्टोरी ने लोगों को होश उड़ा दिए हैं और इस फिल्म को देखकर लोग डर के मारे थर-थर कांप रहे हैं। फिल्म के अंदर कुछ ऐसे सीन डाले गए हैं, जिनके अचानक सामने आते ही किसी की भी चीख निकल जाएगी।

### 'ऑब्सेशन' का इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन

29 मई को रिलीज हुई फिल्म 'ऑब्सेशन' के बारे में 9 से 10 करोड़ रुपए में बनी ये हॉरर फिल्म फैन्स के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। दुनिया भर में इस फिल्म ने 10 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्मों में से एक बन गई है। भारत में भी, 'ऑब्सेशन' सिनेमाघरों में काफी अच्छा परफॉर्म कर रही है। 'ऑब्सेशन' इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की दुनिया भर में कुल कमाई करीब 1400 करोड़ रुपए (162 मिलियन डॉलर) हो गई है।